26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 9 सितम्बर, 2026

अंक- 316 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16


## बंदरों के खौफ़ से छत से गिरे मजदूर की मौत

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगर के मोहल्ला मिर्दगान में बुधवार सुबह बंदरों के खौफ ने एक मजदूर की जान ले ली। छत पर आए बंदरों को भगाने गए 40 वर्षीय उमेर उनके गुर्राने से घबरा गया और भागते समय जीने पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार मोहल्ला मिर्दगान में उमेर किराये के मकान में परिवार के साथ रहता था। बुधवार सुबह करीब 7: 30 बजे उसके मकान की छत पर अचानक कई बंदर आ गए। बंदरों को भगाने के लिए उमेर छत पर पहुंचा। बताया जाता है कि बंदरों ने उस पर गुर्राना शुरू कर दिया। घबराकर उमेर वहां से भागने लगा। इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और वह जीने पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे के बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। उन्होंने तत्काल एंबुलेंस को सूचना दी, लेकिन एंबुलेंस के पहुंचने में देर होने पर परिजन उमेर को दूसरे वाहन से चिकित्सक के पास ले जाने लगे। रास्ते में ही उमेर की हालत बिगड़ गई और उसने दम तोड़ दिया। उमेर मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। उसके परिवार में नौ वर्ष की एक बेटी और उससे छोटे दो पुत्र हैं। परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य की अचानक मौत से पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद मोहल्ले में भी शोक का माहौल है।


## आवश्यकता है

हल्दौर स्थित फैक्ट्री/ कार्यालय के लिए कुशल कंप्यूटर ऑपरेटर / कंप्यूटर एक्सपर्ट की आवश्यकता है।

कार्य- MS EXcel, डाटा एंट्री व कंप्यूटर चलाने का अच्छा ज्ञान रखता हो।

हल्दौर के स्थानीय व्यक्तियों के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन/विशेष इंसेंटिव की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

-इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

मो-8077377404

College Code : 017

KUNWAR SATYA VIRA College of Engineering & Management

Estd.1999

(Approved by AICTE, New Delhi & Affiliated to Dr. APJ AKTU, Lucknow)

Registration forms for the vacant seats can be filled out at the college.

1st Year

B.Tech — CSE, EE, ECE, ME, CE, BT

MBA

BBA

BCA

B.Tech (Lateral Entry) — CSE, EE, ECE, ME, CE, BT

MBA (Lateral Entry)

| Starting Date of submission of Application forms | Last Date of submission of forms |
|---|---|
| 08-09-2026 | 13-09-2026 |

Date of declaration of Merit: 14-09-2026

Admission will be made as per Dr. APJ Abdul Kalam Technical University guidelines.

BIJNOR CITY, BIJNOR- 246701 (U.P.) | Admission Helpline 08191002009

## बिना आप्रेशन/बिना चीड़-फाड़

बवासीर PILES | भगन्दर FISTULA | फिशर FISSURE



नोएडा-गुरुग्राम के प्रख्यात गुदा रोग विशेषज्ञ

### डॉ. सुधांशु चौधरी

MS (Anorectal Surgeon)

अब

सप्ताह में दो दिन बिजनौर में

बृहस्पतिवार -बिजनौर

शुक्रवार - बास्टा



न शर्मायें, न छिपायें न करें घरेलू उपचार न जायें नीम हकीमों के द्वार मात्र 10 दिनों में पायें स्थायी समाधान

बिना भर्ती, शीघ्र रिकवरी के साथ इस तकनीक द्वारा यह रोग भविष्य में कभी नहीं होते।

किसी भी शंका के समाधान के लिये तुरन्त कॉल करें-

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर


## भावपूर्ण श्रद्धांजलि



अत्यन्त दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे परम पूज्य

श्री विमल प्रकाश गोयल जी

अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण करके

दिनांक 29 अगस्त 2026 दिन शनिवार को प्रभु चरणो में लीन हो गये हैं।

उनकी पवित्र आत्मा की शांति के लिए शांति यज्ञ एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया है।

दिनांक गुरूवार, 10 सितम्बर 2026

**शांति यज्ञ**

प्रातः 08:30 बजे

निज निवास- मौ० महाजनान, किरतपुर (बिजनौर)

**श्रद्धांजलि सभा**

दोपहर 2:30 बजे

गोवर्धन गार्डन, नजीबाबाद रोड, किरतपुर (बिजनौर)

: शोकाकुल परिवार :

श्रीमती मिथलेश गोयल ( पत्नी )

पीयूष-अंजलि ( पुत्र-पुत्रवधु ), आकाश-पारूल ( पुत्र-पुत्रवधु ), अनुपम-प्रवीण ( पुत्री-दामाद )

अक्षी-कुनाल ( पौत्री-दामाद ), आयुष-विशाखा ( पौत्र-पौत्रवधु ), वंशिका-हर्ष ( पौत्री-दामाद )

काव्या ( पौत्री ), सूर्यांश ( पौत्र ), शुभ ( प्रपोत्र ), वाणी ( प्रपौत्री )

रोहित-प्रियंका ( धेवता-धेवतावधु ), राहुल-कावेरी ( धेवता-धेवतावधु )

# देहरादून में बैंककर्मी पर फायरिंग, बाल-बाल बची जान

## गोली पेट को छूकर निकली, पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी

**देहरादून ( चिंगारी )।** राजधानी देहरादून में बदमाशों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। पटेल नगर कोतवाली क्षेत्र के बड़ोवाला स्थित ग्रास फार्म, शिमला बाईपास रोड पर बाइक सवार बदमाशों ने स्कूटी सवार एक बैंककर्मी पर फायरिंग कर दी। गोली युवक के पेट को छूकर निकल गई, जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

घायल बैंककर्मी की पहचान सत्यम के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह उज्जीवन बैंक में कार्यरत है। घटना के समय सत्यम अपनी कजिन के साथ स्कूटी से जा रहा था। इसी दौरान बाइक पर सवार होकर आए बदमाशों ने उसे



निशाना बनाते हुए गोली चला दी। गोली सत्यम के पेट को छूती हुई निकल गई, जिससे वह घायल हो गया। हालांकि गोली सीधे शरीर के भीतर नहीं घुसने के कारण उसकी जान बाल-बाल बच गई।

फायरिंग की घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घायल सत्यम को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटना से जुड़े विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। फायरिंग के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि हमलावरों ने बैंककर्मी को किस वजह से निशाना बनाया।

एसपी सिटी प्रमोद कुमार के मुताबिक, पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। घटनास्थल के आसपास और शिमला बाईपास रोड से जुड़े मार्गों पर लगे कैमरों की फुटेज के जरिए बाइक सवार बदमाशों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि वारदात से पहले और बाद में संदिग्ध बाइक किस दिशा में गई। आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है, ताकि घटना के संबंध में कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सके।

# गांव में कैम्प लगाया, आशा हुई बेहोश

## खबर छपने पर जागा स्वास्थ्य विभाग

**पैजनिया ( चिंगारी )।** गांव में फैले वायरल बुखार, ओवरफ्लो तालाब और गंदगी से संबंधित समाचार 8 अगस्त के चिंगारी के अंक में प्रकाशित होने से स्वास्थ्य विभाग की नींद टूट गई। चिंगारी की खबर का असर यह हुआ कि आज गांव पैजनिया में नूरपुर स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी द्वारा पुराने पंचायत घर में कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग की खुद आशा जांच कराने आई थी, और बेहोश होकर गिर पड़ी, जिसे एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजने की सलाह दी गई है। बुधवार यानी आज स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में फैले वायरल फीवर के रोगियों की जांच एवं उपचार करने के लिए कैंप लगाने पहुंची। गांव के सचिन, हैप्पी त्यागी, हर्ष त्यागी, राहुल त्यागी, संजय त्यागी, गोविंद सैनी, मोहित त्यागी बीडीसी सदस्य, जागेश सैनी, पप्पू त्यागी, छोरे सैनी ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान नंदकिशोर फौजी ने हनुमान मंदिर परिसर में स्थित पंचायत घर में यह कहकर कैंप नहीं लगने दिया कि गांव में कोई बीमारी नहीं है। जिस पर ग्रामीणों ने पुराने




पंचायत घर में कैंप लगवाया, जिसमें कई दर्जन मरीजों की खून की जांच की गई और निशुल्क दवाइयां वितरण की गई। इस दौरान तीन दिन से बुखार से पीड़ित आशा अनीता त्यागी जब दवाई लेने कैंप में पहुंची तो बेहोश होकर गिर पड़ी, जिस एंबुलेंस से बिजनौर जिला अस्पताल ले जाने की परिजनों को सलाह दी गई।

# तकनीकी जांच के बाद ही जर्जर घोषित हों भवन : जिलाधिकारी

## एसडीएम, नगर निगम और नगर पालिकाओं को अपने-अपने क्षेत्रों में जर्जर भवनों के सर्वेक्षण व चिन्हीकरण के निर्देश

**देहरादून ( चिंगारी )।** जनपद में जर्जर एवं संभावित रूप से असुरक्षित भवनों के चिन्हीकरण को लेकर जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने देर शाम वर्चुअल माध्यम से अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने संबंधित विभागों को भवनों के सर्वेक्षण, तकनीकी परीक्षण और आवश्यक सुरक्षात्मक कार्रवाई को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए।



जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि किसी भी भवन को जर्जर अथवा गिराऊ घोषित करने से पहले उसके सभी तकनीकी एवं संरचनात्मक पहलुओं की गहन जांच की जाए। उन्होंने कहा कि भवन की वास्तविक स्थिति का तकनीकी मानकों के अनुरूप आकलन किए बिना उसे जर्जर घोषित न किया जाए। इसका उद्देश्य एक ओर जहां भवनों से उत्पन्न संभावित खतरे को समय रहते दूर करना है, वहीं दूसरी ओर अनावश्यक रूप से किसी भवन को असुरक्षित घोषित किए जाने की स्थिति से भी बचना है।

जिलाधिकारी ने सभी उप जिला अधिकारियों के साथ नगर निगम एवं नगर पालिका परिषदों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जर्जर और संभावित रूप से असुरक्षित भवनों का प्राथमिकता के आधार पर सर्वेक्षण एवं चिन्हीकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण के दौरान भवन की वर्तमान स्थिति, उसकी संरचनात्मक मजबूती, भवन की उम्र, क्षतिग्रस्त हिस्सों तथा आसपास रहने वाले लोगों की सुरक्षा जैसे पहलुओं का भी परीक्षण किया जाए। चिन्हित भवनों की सूची तैयार कर उनकी स्थिति का स्पष्ट विवरण दर्ज करने के निर्देश भी दिए गए।

जिलाधिकारी ने नगर निगम, नगर पालिका परिषदों, लोक निर्माण विभाग तथा मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) के अधिकारियों को जर्जर भवनों के निरीक्षण एवं तकनीकी परीक्षण के लिए विशेषज्ञ तकनीकी टीमें गठित करने के निर्देश दिए।

# वाहनों की चैकिंग के दौरान, नागालैंड की बस का चालान

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** क्षेत्र के अंतर्गत अनधिकृत रूप से संचालित वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तन कार्रवाई लगातार जारी है। प्रवर्तन दल ऋषिकेश द्वारा नागालैंड नंबर की एक बस की चेकिंग में पाया गया कि यह वाहन 9 सीट और 32 स्लीपर में पास है उसमें 50 स्लीपर लगे हुए हैं, वाहन में एसी काम नहीं कर रहा है, वाहन में एमरजैंसी एग्जिट नहीं बना हुआ है. वाहन में 2.5 फीट ओवर हैंग है, वाहन का वाइपर काम नहीं कर रहा है,वाहन की बैक साइड में पारदर्शी शीशे के स्थान पर मेटल शीट लगाई गई है, वाहन में 16 अतिरिक्त सवारियां बैठी पाई गई।वाहन में पाई गई कमियों के आधार पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन ऋषिकेश तथा संभागीय निरीक्षक ऋषिकेश के द्वारा संयुक्त रूप से संबंधित वाहन के फिटनेस को निरस्त करने की संस्तुति करते हुए वाहन को कार्यालय में सीज किया गया।




# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के दौरे पर कांग्रेस का कटाक्ष

## गरिमा दसौनी बोलीं- प्रदेश अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं द्वारा फैलाए गए 'रायते' को समेटने उत्तराखंड आ रहे नितिन नबीन

**देहरादून ( चिंगारी )।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के दो दिवसीय उत्तराखंड दौरे को लेकर कांग्रेस ने निशाना साधा है। प्रदेश कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा दसौनी ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के उत्तराखंड दौरे पर कटाक्ष करते हुए आरोप लगाया कि प्रदेश में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं द्वारा फैलाए गए राजनीतिक विवाद को समेटने के लिए नितिन नबीन उत्तराखंड आ रहे हैं।



गरिमा दसौनी ने कहा कि हल्द्वानी में भाजपा की ओर से कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को लेकर जो प्रकरण सामने आया, उसे संभालने और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का उत्तराखंड दौरा हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को दौरे के दौरान केवल पार्टी संगठन की बैठकों तक सीमित रहने के बजाय प्रदेश में चल रही वास्तविक परिस्थितियों की जानकारी भी लेनी चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के सामने हल्द्वानी में हुए पूरे प्रकरण की वास्तविक तस्वीर रखनी चाहिए, ताकि उन्हें पता चल सके कि उत्तराखंड में वास्तव में क्या स्थिति बनी हुई है।

उन्होंने आरोप लगाया कि किसी भी घटना को केवल राजनीतिक नजरिये से देखने के बजाय उसके सभी पहलुओं को राष्ट्रीय नेतृत्व के सामने रखा जाना चाहिए। दसौनी ने कहा कि प्रदेश में पार्टी के भीतर और बाहर चल रही गतिविधियों की जमीनी हकीकत से राष्ट्रीय अध्यक्ष को अवगत कराया जाना जरूरी है। गरिमा दसौनी ने नितिन नबीन के दौरे को लेकर देहरादून की स्मार्ट सिटी परियोजना को भी मुद्दा बनाया। उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को उत्तराखंड की एकमात्र स्मार्ट सिटी देहरादून का भी दौरा करना चाहिए और करीब 1600 करोड़ रुपये की परियोजना के बाद शहर में हुए कार्यों और मौजूदा हालात को स्वयं देखना चाहिए।

# इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री अगस्त में 52.9 प्रतिशत बढ़ी



**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बिक्री इस साल अगस्त में 52.9 प्रतिशत बढ़कर 2,98,448 इकाई पर पहुंच गयी, जो अगस्त की बिक्री का नया रिकॉर्ड है। घरेलू वाहन डीलरों के शीर्ष संगठन फाडा की मंगलवार को जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि ईवी की चारों श्रेणियों-यात्री वाहन, दुपहिया, तिपहिया और वाणिज्यिक वाहन में अगस्त माह की बिक्री के पिछले सारे रिकॉर्ड टूट गये हैं। वाहनों की कुल बिक्री में ईवी की हिस्सेदारी एक साल पहले के 9.5 प्रतिशत से बढ़कर 12.3 प्रतिशत हो गयी। इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 51.89 फीसदी की वृद्धि के साथ अगस्त में 30,696 इकाई दर्ज की गयी। महीने के दौरान देश में बिके कुल यात्री वाहनों की हिस्सेदारी 7.6 प्रतिशत रही। पिछले साल अगस्त में यह 5.8 प्रतिशत पर थी। इस श्रेणी में टाटा मोटर्स का वर्चस्व कायम रहा। 13,158 वाहनों के साथ वह पहले स्थान पर रही। इसके बाद क्रमश: महिंद्रा एंड महिंद्रा (13,158) और जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया (4,622) का स्थान रहा। इलेक्ट्रिक दुपहिया वाहनों की बिक्री अगस्त में 1,83,204 इकाई रही। यह एक साल पहले के मुकाबले 67.05 प्रतिशत अधिक है। कुल दुपहिया में ईवी की हिस्सेदारी पिछले साल अगस्त के 7.7 प्रतिशत की तुलना में बढ़कर 10.7 प्रतिशत हो गयी। दुपहिया के ईवी खंड में टीवीएस मोटर कंपनी 48,938 इकाई के साथ पहले स्थान पर बनी रही।

# हल्दौर में विधायक ओम कुमार का जोरदार स्वागत

## व्यापारी व सामाजिक संगठनों ने जताया समर्थन



ओम कुमार का तिलक लगाकर स्वागत करते हुए महिला।

**हल्दौर (चिंगारी)।** विधानसभा क्षेत्र नहटौर के हल्दौर में विधायक ओम कुमार का व्यापारी बंधुओं, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों द्वारा जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। हिर्देश प्रकाश सिंह (प्रकाश बुक डिपो) के फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित आवास पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने विधायक ओम कुमार को अपना समर्थन देते हुए जनहित के कार्यों में सहयोग का भरोसा दिलाया।

इस अवसर पर विधायक ओम कुमार ने उपस्थित गणमान्य लोगों, राधे-राधे समिति के पदाधिकारियों, व्यापारी बंधुओं एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से आत्मीय भेंट एवं संवाद किया। उन्होंने केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विधानसभा क्षेत्र नहटौर में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी साझा की। विधायक ओम कुमार ने कहा कि जनता का स्नेह, विश्वास और सहयोग ही जनसेवा की सबसे बड़ी ताकत है। क्षेत्र के विकास और जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी वर्गों के सहयोग से नहटौर विधानसभा को विकास के पथ पर और आगे ले जाने का प्रयास निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर विजय पाल चौहान, दीपक एडवोकेट, दीप रस्तोगी, वरुण अग्रवाल, अतुल मारवाड़ी, पीयूष चौहान, हनी प्रधान, शिवम् चौधरी, राकेश चेयरमैन, दर्पण रावल सहित अन्य गणमान्यजन, व्यापारी एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# अक्टूबर से शुरू होगा ग्रामीण सड़कों की मरम्मत का बड़ा अभियान



**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति के साथ सुगम आवागमन की सुविधा सुनिश्चित करने पर जोर दे रही है। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मानसून के बाद अक्टूबर से प्रदेशभर में ग्रामीण सड़कों की मरम्मत के लिए वृहद अभियान चलाने के निर्देश दिये हैं। अभियान के तहत पेयजल योजनाओं के लिए पाइपलाइन बिछाने के दौरान खोदी गई सड़कों को भी प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त किया जाएगा। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाने के लिए कई स्थानों पर सड़कें खोदी गई हैं। मानसून के दौरान बारिश के कारण इन सड़कों की स्थिति खराब होने से ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अक्टूबर से अभियान शुरू कर सड़कों को दोबारा भरने, समतल करने और आवश्यकतानुसार मरम्मत का कार्य कराया जाए। उन्होंने कहा कि पेयजल योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के साथ ही सड़कों की स्थिति सुधारना भी जरूरी है। जलशक्ति मंत्री ने विभिन्न जोन के अभियंताओं और अधीक्षण अभियंताओं से क्षेत्र भ्रमण तथा रात्रि प्रवास के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सहायक अभियंताओं और अवर अभियंताओं को भी नियमित रूप से क्षेत्र में रात्रि प्रवास करने के निर्देश दिये।

## मुरादाबाद में जिला चकबंदी अधिकारी का पेशकार रिश्वत लेते गिरफ्तार

**मुरादाबाद (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने जिला चकबंदी अधिकारी (डीडीसी) के पेशकार सुभाष को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित किसान एवं वरिष्ठ अधिवक्ता ठाकुर ओमवीर सिंह ने मंगलवार को बताया कि यह रिश्वत जिला चकबंदी अधिकारी के नाम पर एक जमीन के मुकदमे में आदेश पर हस्ताक्षर करने के एवज में मांगी जा रही थी। ओमवीर सिंह ने पत्रकारों को बताया कि गणेश घाट तहसील क्षेत्र के गांव जगराम साठ में उनकी पैतृक जमीन स्थित है, जो उनके पिता के नाम पर दर्ज थी। पिता के निधन के बाद चारों भाइयों का नाम दर्ज होना था, लेकिन चकबंदी प्रक्रिया के दौरान उनका चक गलत स्थान पर लगा दिया गया, जो नदी की कटान में बह चुका था। इस मामले को लेकर जिला चकबंदी अधिकारी (डीडीसी) के न्यायालय में निगरानी याचिका दाखिल की गई थी, जिसकी सुनवाई व बहस जून माह में ही पूरी हो चुकी थी और केवल अंतिम फैसला सुनाया जाना बाकी था।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे जेठ कामेन्द्र सिंह पुत्र छत्रपाल सिंह अब से करीब 25-26 साल पूर्व बिना बताये घर से कहीं चले गये थे, जो आज तक वापिस नहीं आये हैं। मेरे जेठ लावल्द थे। मैं अपने जेठ की गुमशुदगी की सूचना प्रकाशित करा रही हूं। **-शुभलता पत्नी स्व. जोगेन्द्र सिंह, निवासी ग्राम फरीदपुर मान उर्फ पमड़ावली, थाना कोतवाली देहात, जिला बिजनौर**

Hero ★हीरो मोटो कॉर्प के इलैक्ट्रिक स्कूटर VIDA की बुकिंग शुरू Hero

पहले बुक करायें और पहले पायें अपना स्कूटर

फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध



कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी ...**

# जन के मन की भी सुनिये!

हाल ही में आयी मंहगाई की नयी खेप के बीच जनता कराह रही है, मगर 2014 में महंगाई को मुद्दा बनाकर सत्ता में आये भाजपाई अब महंगाई का म भी बोलने को तैयार नहीं हैं। इसी तरह भ्रष्टाचार और अपराध भी थम नहीं रहे हैं। मगर सत्ता में बैठे लोग आंखें मूंदें हुए हैं। बेरोजगारी, पेपर लीक...और अब पीजी हादसा। मगर सरकार सवालों से बचने के लिये नाराज फूफा का शगूफा छोड़ रही है। तस्वीर उतनी ही खूबसूरत होती, जितनी सरकार द्वारा दिखायी जा रही है तो सवाल पैदा ही नहीं होते। लोग वाहवाही कर रहे होते। भक्तों को छोड़ दीजिए, आम जनता की सुनिये। कांग्रेस से तुलना करने का समय नहीं है। यह समय जिम्मेदारी और जवाबदेही का है। 10-12 साल कम नहीं होते। इस दौरान अगर हर जिले में पार्टी का कार्यालय बन सकता है तो क्या नहीं हो सकता। ऐसा नहीं है कि काम नहीं हुए। कई बड़े और ऐतिहासिक काम भी हुए हैं। लेकिन आम जनता त्रस्त है। उसके मन की बात नहीं सुनी जा रही। 80 करोड़ लोगों को फ्री के राशन पर जिंदा रखे हुए हैं। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि धरातल पर कितना काम हुआ है। गरीबी दूर होती तो सरकार फ्री में राशन क्यों दे रही होती। या फिर ये रिश्वत है। हालांकि विपक्ष की हालत भी कुछ ऐसी ही है। उनके पास भी जनता की बेहतरी के लिये कोई कार्यक्रम नहीं है। केवल सरकार के काम में कमी निकालना और उसकी आलोचना करना ही विपक्षी नेताओं का मुख्य काम रह गया है। शिक्षा व्यवस्था को लेकर कई तरह के सवाल उठाये जा रहे हैं। कॉकरोच जनता पार्टी के आंदोलन के बाद विपक्ष ने आसमान सिर पर उठा रखा है, लेकिन शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिये उनके पास कोई समाधान नहीं नजर आता। राहुल गांधी महानगरों में जाकर छात्रों की गूंज कार्यक्रम कर रहे हैं, जिनमें युवाओं की भीड़ भी उमड़ रही है और जेन-ज़ी राहुल गांधी से कनेक्ट भी हो रहे हैं, लेकिन इन कार्यक्रमों में राहुल गांधी ने आंकड़े तो बहुत दिये और उनके आधार पर सरकार को घेरा भी, लेकिन समस्याओं का समाधान क्या है, इस दिशा में राहुल भी अभी तक चुप ही हैं। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राहुल गांधी के कार्यक्रम को झूठ की गूंज बताकर काट कर रहे हैं, लेकिन छात्रों व युवाओं की समस्याओं को पीएम भी एड्रेस नहीं कर पा रहे।

# हादसे होने दो जेन-जी, पर तुम नाराज मत होना

-विवेकानंद

दिल्ली में एक हॉस्टल गिरा और पांच छात्रों की मौत हो गई। पांच युवाओं के सपने, पांच परिवारों के अरमान बिल्डिंग के मलबे में दफन हो गए। इसके बाद सरकार ने क्या-क्या किया होगा, किसी बच्चे से भी पूछ लीजिए सारी कार्यवाही क्रम से बता देगा। दरअसल यह औपचारिकताएं हर राज्य में हर घटना के बाद होती हैं, इसलिए लोगों को रट चुकी हैं। किसी भी राज्य में कोई भी सरकार कभी भी हादसों से सबक लेते नहीं दिखी। हादसा, कार्रवाई और कुछ दिन में सब बराबर, यह नियति बन चुका है। दिल्ली में बिल्डिंग गिरने का एक ही साल में यह छठवां मामला है। कुछ मीडिया रिपोर्ट में तो यहां तक दावा है कि पिछले 10 साल में एक हजार से ऊपर ऐसे हादसे हो चुके हैं। लेकिन क्या मजाल है कि सरकार ऐसी घटना दोबारा न होने दे? और केवल बिल्डिंग गिरना नहीं, मंदिरों में भगदड़, बसों में ओवर लोडिंग, ओवर स्पीड किसी तरह का हादसा हो, सरकार हादसे के बाद कुछ देर तक ही जागी हुई लगती है। तर्क दिया जा सकता है कि हर हादसे के लिए सरकार को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। तर्क मंजूर भी है, लेकिन क्या किसी हादसे के बाद जिम्मेदारों पर ऐसी कार्रवाई हुई है, जो मिसाल बनी हो, लापरवाहों में कार्रवाई का खौफ हो? हादसे के बाद जिन अधिकारियों को लापरवाही का जिम्मेदार मानते हुए कार्रवाई की जाती है, वे कुछ ही दिनों में न केवल वापस प्रशासनिक मशीनरी में शामिल हो जाते हैं, बल्कि कई उदाहरण तो ऐसे हैं कि दूसरी बार ज्यादा बड़े औहदे के साथ आते हैं। बहरहाल! फिलहाल होस्टल की ही बात कर लें तो सरकारी और प्रशासनिक निकम्मेपन का हर छिलका उतर जाएगा। दिल्ली हॉस्टल मामले में सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कहा- हादसे के लिए दिल्ली नगर निगम और दिल्ली यूनिवर्सिटी दोनों जिम्मेदार हैं। कोर्ट ने कहा कि बाहर से पढ़ने आने वाले छात्रों के हॉस्टलों की हालत बेहद दयनीय और खराब है। सरकार जिम्मेदारी से नहीं बच सकती है। हाईकोर्ट की यह टिप्पणी किसी खीज का नतीजा नहीं है, बल्कि देशभर के हॉस्टल्स की हकीकत है। ज्यादा जांच पड़ताल की जरूरत नहीं है। गूगल ही कर लीजिए हॉस्टल्स कैसे चलते हैं, वहां छात्रों की क्या दुर्दशा है सामने आ जाएगी। बेंगलुरु (दयानंद सागर यूनिवर्सिटी) के एस-रेसिडेंसेस हॉस्टल में वाई-फाई काम न करने, गर्म पानी न मिलने, गंदे पानी, लिफ्ट खराब होने और साफ-सफाई न होने पर सैकड़ों छात्रों ने प्रदर्शन किया। सूरत और अन्य शहरों में स्थित समरस गर्ल्स हॉस्टल में खाने में कीड़े मिलने, पानी की किल्लत और बदइंतजामी के खिलाफ छात्राओं ने विरोध प्रदर्शन किया। भोपाल के कमला नेहरू गर्ल्स हॉस्टल और बीएचयू के हॉस्टल्स



में भी बदहाली और सुविधाओं के अभाव को लेकर छात्रों का गुस्सा फूट चुका है। सीहोर की वीआईटी यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में सैकड़ों छात्र गंदा पानी पीकर बीमार हुए। छात्रों ने हंगामा किया तो उन्हीं पर एफआईआर दर्ज करा दी गई। देवास की अमलतास यूनिवर्सिटी में छात्रों को गर्मी के दिनों में दोपहर में बिजली न मिलने से विरोध प्रदर्शन करना पड़ा। ऐसी दर्जनों जानकारियां सार्वजनिक हैं। लेकिन लगभग सभी मामलों में सरकारें दिखती छात्रों के साथ हैं, और होती मैनेजमेंट के साथ हैं।

> **दिल्ली हॉस्टल मामले में सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कहा- हादसे के लिए दिल्ली नगर निगम और दिल्ली यूनिवर्सिटी दोनों जिम्मेदार हैं। कोर्ट ने कहा कि बाहर से पढ़ने आने वाले छात्रों के हॉस्टलों की हालत बेहद दयनीय और खराब है। सरकार जिम्मेदारी से नहीं बच सकती है। हाईकोर्ट की यह टिप्पणी किसी खीज का नतीजा नहीं है, बल्कि देशभर के हॉस्टल्स की हकीकत है। ज्यादा जांच पड़ताल की जरूरत नहीं है।**

आजकल सियासत छात्रों की रहनुमा होने की नौटंकी कर रही है। दिलचस्प बात यह है कि यह सब तब हुआ है जब कई जगह जेन-जी असुविधाओं के खिलाफ सड़कों पर उतर रहे हैं। जेन-जी को बताया जा रहा है तुम्हीं भारत का भविष्य हो। तुम्हें ही विकसित भारत का सपना साकार करना है। छिपी हुई शर्त यह है कि बाबू इसका श्रेय तुम्हें नहीं मिलेगा। जंतर-मंतर प्रदर्शन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फोकस जेन-जी पर है। सोशल मीडिया पर वीडियो बना रहे हैं, एक सप्ताह में दो-दो बार जेन-जी से सीधा संवाद कर रहे हैं। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी 'छात्रों की गूंज' देशभर में सुना रहे हैं। सियासत हालात बदलने की जगह छात्रों की मानसिकता बदलने की कोशिशों में जुटी है। बीजेपी-आरएसएस स्कूलों के भीतर छात्रों की सूरत में अपने वोटर देख रही है। पूरी कोशिश है कि स्कूल बंद होने से, पेपर लीक होने से, परीक्षा का नतीजा रुकने से, चार साल की डिग्री छह साल में भी पूरी न होने से, ओवर एज होने के गम में जेन-जी मर भले ही जाए, पर नाराज नहीं होना चाहिए। लेकिन अगर आपको सरकारों और सियासत पर गुस्सा आ रहा है तो ठहरिए! क्या सरकारें जवाबदेह हों, इसके लिए कहीं मजबूती से कोई नागरिक पहल दिखाई दी है? हाल ही में या कुछ सालों में छात्रों-किसानों या अन्य नागरिक संगठनों ने जो सवाल उठाए उनके समर्थन में समाज की व्यापक सहभागिता नजर आई?

राजनीतिक मसलों से दूरी बनाए रखना समझा जा सकता है, लेकिन समाज से जुड़ा ऐसा कौन सा विषय है जिस पर समाज सहमत दिखा हो? केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की यूडाइस प्लस रिपोर्ट 2025-26 के अनुसार देशभर में एक साल में 4,791 सरकारी स्कूल बंद या दूसरे स्कूलों में मर्ज किए गए। इनमें अकेले मप्र के 2,426 स्कूल हैं। 2025-26 में देशभर में स्कूलों की कुल संख्या 14,66,682 रह गई, जबकि पिछले साल यह 14,71,473 थी। इसके बाद भी सन्नाटा है। इसके उलट कुछ लोग शिक्षा और स्वास्थ्य की मांग करने वालों के खिलाफ ही खड़े हो रहे हैं, जिन्हें लगता है कि स्कूल खराब रहें, बंद होते रहें, अस्पताल खराब रहें तब भी कोई बात नहीं। वे लोग कौन हैं? समाज के बुनियादी मुद्दों को राष्ट्रवाद और धर्म से जोड़कर जो सनातन की आड़ में नेताओं के नाम पर गुंडागर्दी कर रहे हैं, स्थापित विधान को चुनौती दे रहे हैं, वे कौन हैं? वे कहीं बाहर से आए हैं या समाज का ही हिस्सा हैं? जिन सड़कों पर चंद रोज पहले नाज किया जा रहा था, देश की तरक्की का तंत्र बताया जा रहा था, जिन सड़कों पर कार में बैठकर चाय पीने का आनंद लेने और एक बूंद भी न छलकने के दावे किए जा रहे थे, वे सड़कें आज छलनी हो रही हैं, ब्रिज धंस रहे हैं, सड़कें मवेशियों से भरी हैं, दुर्घटनाओं में लोग भी जान गंवा रहे हैं, मवेशी भी मारे जा रहे हैं। ध्यान रहे सड़क हादसों में जान गंवाने वाले सबसे अधिक जेन-जी वर्ग के हैं। रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम लगातार अपने चरम से आगे निकल रहे हैं, कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है, सरकारी क्षेत्र में रोजगार के अवसर घटते जा रहे हैं, निजी क्षेत्र फूंक-फूंककर कदम रख रहा है, दर्जनों परीक्षाओं का नतीजा लटका हुआ है, नर्सिंग जैसा चार साल का कोर्स छह साल में भी पूरा नहीं हो पा रहा है। 19 राज्यों में पेपर लीक के मामले दर्ज हैं। राज्य दर राज्य रोज घूसखोरी और करप्शन के मामले सामने आ रहे हैं, इसके बावजूद यदि सरकार सनातन का शंख फूंकने में लगी है, तो जाहिर है कि वह मान चुकी है कि जनता तरक्की के तंत्र पर नहीं धार्मिक मंत्र पर मोहित होती है।

# भाजपा कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से समाज एवं देश की सेवा का संकल्प लें : तीरथ सिंह रावत

**धामपुर ( चिंगारी )।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तीरथ सिंह रावत ने कहा कि भारतीय

## उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री का धामपुर में हुआ स्वागत

जनता पार्टी का  कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ देश के विकास के लिए निष्ठा पूर्वक कार्य करता है। वह कल न्यू धामपुर सिटी स्थित भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी के आवास पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत के निर्माण के लिए लगातार प्रयत्नशील हैं। उनके नेतृत्व में आज भारत दुनिया में तेजी से


पूर्व मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष व पूर्व विधायक।

विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। भारत दुनिया में विकास दर में एक मुकाम हासिल कर चुका है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश को दंगा मुक्त, अपराध मुक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयत्नशील हैं। आज उत्तर प्रदेश में कानून का शासन है अपराधी भय युक्त हैं। इसीलिए यहां उद्योगपति आकर निवेश की संभावनाएं तलाश रहे हैं। उन्होंने कहा कि धामपुर नगर कुमाऊं और गढ़वाल का सेंटर पॉइंट है। इस क्षेत्र में हमने काफी कार्य किया है इसीलिए यहां के कार्यकर्ताओं से संपर्क संबंध हैं।

इसी नाते आज कार्यकर्ताओं से मिलने के लिए देहरादून से हल्द्वानी जाते समय यहां पर रुकना हुआ। सहारनपुर की घटना के बारे में उन्होंने कहा कि मुगल काल में हिंदू समाज के आस्था केंदों को नष्ट किया गया था वहां मस्जिद के नीचे से एक कुआं निकला है जिसकी जांच एएसआई द्वारा की जा रही है।  परंतु अब सरकार उन स्थानों को चिन्हित कर रही है जो अवैध रूप से सरकारी भूमि पर बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता नि:स्वार्थ भाव से संगठन के माध्यम से समाज और देश की सेवा करने का संकल्प ले।

पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तीरथ सिंह रावत के धामपुर पहुंचने पर भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी, पूर्व विधायक डॉक्टर इंद्रदेव सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष महेंद्र धनोरिया, राकेश चौधरी, प्रमोद राठी, पालिका सभासद पुरुषोत्तम अग्रवाल, उदित जैन, डॉक्टर दीप सौरभ सिंह पार्थ सरदार सतमीत सिंह मनी, सचिन अग्रवाल, दीपक अग्रवाल श्रीमती मोनिका अग्रवाल, भविराज सिंह, सौरभ प्रताप सिंह शाहिद अनेक कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। धामपुर पधारने पर भाजपा जिला अध्यक्ष ने उनको प्रतीक चिन्ह भेंट किया।

# तेजी से होगा धामपुर का विकास, बोर्ड की बैठक में कई प्रस्ताव पास


नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक।

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद ,धामपुर के बोर्ड की बैठक मंगलवार को शिवाजी पार्क स्थित संपादकाचार्य पंडित रूद्रदत शर्मा पुस्तकालय में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रवि कुमार सिंह की अध्यक्षता और अधिशासी अधिकारी रविशंकर शुक्ल के संचालन में हुई। बैठक में नगर पालिका परिषद धामपुर कार्यालय के भवन की छत की मरम्मत कराए जाने और नगर पालिका कार्यालय परिसर में स्थित अधिशासी अधिकारी आवास का पुन:-निर्माण कराये हेतु प्रस्ताव पास किया गया।

बोर्ड की बैठक में नगर के मुख्य नगीना चौराहे पर स्थापित महात्मा ज्योतिबा फुले पार्क का सौंदर्यकरण कराए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। पालिका अध्यक्ष रवि कुमार सिंह ने कहा कि जब बाहर से कोई व्यक्ति धामपुर में प्रवेश करता है तो वह नगीना चौराहे से ही गुजरता हैं इसलिए पालिका का प्रयास है कि यहां स्थापित महात्मा ज्योतिबा फुले पार्क का सौंदर्यकारण इस प्रकार किया जाए कि यहां से गुजरने वाले व्यक्ति के मन में धामपुर के प्रति एक बेहतरीन छवि बनकर जाए। उन्होंने बताया कि पार्क में अमानगढ़ टाइगर रिजर्व की तर्ज पर हिरण और शेर के स्टैच्यु लगेंगे, फाउंटेन बनेगा और पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधे और लाइट लगाई जाएगी। इसके अलावा दुर्गा विहार से बनने वाले डिवाइडर  पर भी पालिका की ओर से फैंसी लाइट लगाई जाएगी। बैठक में मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के अन्तर्गत नये कार्यालय भवन निर्माण कराये जाने 7 करोड रुपए की धनराशि का प्रस्ताव पास किया गया।

उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 और शासन के पत्रांक-360 दिनांक 28 जनवरी 2026 के अन्तर्गत पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्गत 'ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन नियम-2026' के अन्तर्गत वांछित व्यवस्थाओं के क्रियान्वयन एवं विनियमन हेतु उपविधि बनायी गयी  यह उपविधि ठोस अपशिष्ट के संग्रहण, भण्डारण, परिवहन, प्रसंस्करण एवं निपटान तथा उसकी संसाधित पदार्थों व उससे मामलो एवं वस्तुओं के विनियमन के सम्बन्ध में है। सभी मामलों एवं वस्तुओं के विनियमन करने के उद्देश्य से शुल्क / प्रशमन शुल्क वसूलना व डोर-टू-डोर व यूजर चार्ज दर हेतु सरकारी गजट में प्रकाशन हेतु, प्रकाशन की तिथि से 21 दिन के अन्दर आपत्तियां व सुझाव आमंत्रित की जायेगी। बैठक में नगर पालिका परिषद के सभासद मनोज कुमार पप्पी,संतोष राजपूत, पुरुषोत्तम अग्रवाल, हिमांशु सैनी, मुकुल सैनी, महताब अहमद, इमरान अहमद, संदीप सैनी सहित अनेक सभासद उपस्थित रहे।

# 15 दिन में बार एसोसिएशन का चुनाव कराने के आदेश

**धामपुर चिंगारी )।** बार एसोसिएशन धामपुर के अधिवक्ताओं ने राज्य विधिक परिषद उत्तर प्रदेश को ज्ञापन देकर बार एसोसिएशन का एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर चुनाव कराने की मांग की है। ज्ञापन का संज्ञान लेते हुए राज्य विधिक परिषद के अध्यक्ष शिव किशोर गौड़ द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि बार एसोसिएशन धामपुर के चुनाव की एक वर्ष की समयावधि पूर्ण हो चुकी है, लेकिन वर्तमान कार्यकारिणी ने अभी तक चुनाव कराने की कोई प्रक्रिया प्रारम्भ नहीं की। जबकि अधिवक्ता चाहते हैं कि यथाशीघ्र चुनाव सम्पन्न हो। मॉडल बाइलॉज के नियमों के अंतर्गत चुनाव कराने हेतु पांच वरिष्ठतम सदस्यों की एल्डर्स कमेटी गठित की गई हैं जिसमें योगेन्द्र पाल सिंह, एडवोकेट, अध्यक्ष एल्डर्स कमेटी, अरुण कुमार गुप्ता एडवोकेट, सुरेन्द्र सिंह गहलोत एडवोकेट, राकेश कुमार मित्तल एडवोकेट, नरेन्द्र कुमार राजपूत, एडवोकेट को सदस्य मनोनीत किया गया है। साथ ही तीन अतिरिक्त सदस्यों शमीम अहमद,  सुरेश सिंह, चन्द्रपाल सिंह की समिति भी बनाई गई है। आदेश में कहा गया है कि एल्डर्स कमेटी आदेश प्राप्ति से 15 दिवस के अंदर मॉडल बाइलॉज के नियमों के अंदर चुनाव सम्पन्न कराकर परिणाम से बार काउंसिल को अवगत कराना सुनिश्चित करे।

## चेतावनी दी गई

**चेतावनी दी गई है कि इस आदेश की अवहेलना किसी अधिवक्ता या पदाधिकारी द्वारा की जाती है तो शिकायत प्राप्त होने पर उनके विरुद्ध अधिवक्ता अधिनियम 1961 की धारा 35 के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी।**

# शरदकालीन गन्ने की बुवाई, अधिकाधिक करें किसान भाई

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर चीनी मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा व सहायक उपाध्यक्ष संजीव कुमार द्वारा  नहटौर के ग्राम मुजाहिदपुर में कृषक दलबीर सिंह की बैठक पर किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया।  गोष्ठी में शुगर मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा ने किसानों से अधिक से अधिक शरदकालीन गन्ना बुवाई करने की अपील की। उन्होंने कृषकों को बताया कि धामपुर चीनी मिल अक्टूबर माह के अंतिम सप्ताह में चालू कर दी जाएगी।  सहायक उपाध्यक्ष ने किसानों को रोग व बीमारी के बारे में बिस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर कृषक भूपेंद्र सिंह, सोनू सरदार, मयंक कुमार, करणवीर सिंह जसवंत सिंह, अंकुर कुमार तथा चीनी मिल कर्मचारियों में जोनल प्रबंधक अजेंद्र सिंह, जोनल अधिकारी ब्रह्मपाल सिंह फील्ड सुपरवाइजर विपिन कुमार आदि उपस्थित रहे।





## राशिफल

### विमल जैन

**हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्**

**गुरुवार, 10 सितम्बर 2026**

**मेष-** परिस्थिति भाग्य के अनुरूप, वरिष्ठजनों की सलाह हितकर, धनागम का मार्ग प्रशस्त, वैमनस्यता का समापन, कठिनाइयों में कमी का एहसास, यश में वृद्धि।

**वृषभ-** शंका-कुशंका प्रभावी, व्यावसायिक हानि, दाम्पत्य जीवन में अशांति, आत्मीय-जनों से कष्ट, निर्णय-अनिर्णय की स्थिति, मानसिक बेचैनी, यात्रा से परेशानी।

**मिथुन-** विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, जिम्मेदारियों की पूर्ति हेतु अधिक व्यय, दाम्पत्य जीवन सुखमय, हर्षोल्लास का माहौल, धन की प्राप्ति, आत्मिक शांति।

**कर्क-** अभीष्ट सिद्धि का प्रयास, आपसी सम्बन्धों में मधुरता, उपस्थित व्यवधान समाप्त, लाभ का सिलसिला, अधिकारी वर्ग से अनुकूलता, यात्रा का प्रसंग।

**सिंह-** आशानुकूल परिवर्तन, नवीन कार्यों के प्रति रुचि जागृत, योजना साकार करने की दिशा में प्रयास, विनोद के अवसर सुलभ, विवाद का समापन, चित्त प्रफुल्लित।

**कन्या-** मित्रों परिजनों से तनाव, क्रोध की अधिकता, मन दुविधामय, सोचे हुए कार्य अपूर्ण, पठन-पाठन में अरुचि, अकेलेपन की अनुभूति, बढ़ते हुए खर्च से परेशान।

**तुला-** व्यावसायिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त, सुपरिचितों से सहयोग, भौतिक सुख के साधन उपलब्ध, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, मेल-मिलाप में अभिरुचि।

**वृश्चिक-** महत्वपूर्ण उपलब्धि, घरेलू समस्याएँ सुलझने की ओर, विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि।

**धनु-** अधूरे कार्यों की पूर्ति, व्यक्तिगत परेशानी में कमी का अहसास, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग, चित्त प्रफुल्लित।

**मकर-** निराशा की स्थिति, कठिनाइयां प्रभावी, सामयिक कार्यों में अड़चनें, नवीन समस्याएँ उत्पन्न, प्रतियोगिता के क्षेत्र में असफलता, स्वयं की प्रतिभा कुंठित।

**कुम्भ-** दिनमान अनुकूल, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर, आय के स्रोत उपस्थित, मौजमस्ती के निमित्त व्यय, सुख के जरूरी साधन सुलभ, प्रतिष्ठा भी।

**मीन-** भाग्योन्नति हेतु नवीन आयाम, योजना साकार होने की ओर, अधिक संकट का निवारण, उपहार या सम्मान का लाभ, भोग-विलासिता की ओर रुझान, यात्रा सफल।

**एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002, मो. : 09335414722**

# विधायक अशोक राणा व डीएम ने किया महाराणा प्रताप स्मृति द्वार का लोकार्पण

**धामपुर ( चिंगारी )।** नूरपुर मार्ग स्थित गांव ठाटजट तिराहे पर मंगलवार शाम वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप स्मृति द्वार का भव्य उद्घाटन विधायक अशोक कुमार राणा एवं जिलाधिकारी जसजीत कौर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके पश्चात वहां स्थापित शिलापट का अनावरण करके लोकार्पण किया गया।



समारोह में विधायक अशोक राणा ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन अदम्य साहस, स्वाभिमान, त्याग और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं किया। उनका संघर्ष और वीरता आज भी समाज और युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है, महाराणा प्रताप जैसे महापुरुषों की स्मृति को जीवंत रखना समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि तिराहे पर स्थापित यह द्वार आने-जाने वाले लोगों को महाराणा प्रताप के गौरवशाली इतिहास की याद दिलाता रहेगा। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने भी महाराणा प्रताप के व्यक्तित्व और कृतित्व को प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि महापुरुषों के आदर्शों को केवल स्मारकों तक सीमित न रखकर अपने जीवन में उतारना चाहिए। विधायक अशोक राणा ने अपनी विधायक निधि से इस द्वार का निर्माण कराकर सराहनीय कार्य किया है। इस अवसर पर राणा प्रियंकर सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह, रोहित राणा, मयंक अग्रवाल, गन्ना समिति अध्यक्ष रामवीर सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख उदित नारायण, सरदार सतमीत सिंह, मयक चौहान, नागेश्वर दयाल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# किसानों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को दिया



**धामपुर ( चिंगारी )।** गोरखपुर-शामली एक्सप्रेस वे हेतु अधिग्रहित भूमि के मुआवजा को लेकर किसानों ने मुख्यमंत्री से संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। किसानों ने सरकार से उचित मुआवजा, किसानों की उपस्थिति में पैमाइश, पारदर्शी भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया सुनिश्चित किए जाने की मांग की है। किसानों ने गोरखपुर-शामली एक्सप्रेस वे के लिए अधिग्रहित हो रही भूमि को लेकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को दिया। किसानों ने ज्ञापन में अधिग्रहित भूमि का मुआवजा किसानों को उसकी वास्तविक बाजार कीमत के आधार पर कम से कम 10 गुना प्रदान किए जाने, भूमि की पैमाई सीमांकन एवं जांच प्रत्येक किसान की उपस्थिति में करने से पहले इसकी लिखित सूचना देने, अधिग्रहित होने वाले प्रत्येक खसरे का नक्शा एवं विवरण किसानों को उपलब्ध कराने, किसी भी प्रकार की त्रुटि आपत्ति या विवाद का निस्तारण मुआवजा निर्धारित करने से पहले करने, मुआवजा राशि का भुगतान पारदर्शी तरीके से करने, जिन किसानों की अधिकांश या पूरी कृषि भूमि अधिग्रहित हो रही है, उनके पुनर्वास एवं आजीविका की सुरक्षा के लिए विशेष योजना बनाने, जिन किसानों के खेत एक्सप्रेस वे के दोनों तरफ बच रहे हैं, उनकी सिंचाई हेतु पाइप लाइन की व्यवस्था करने, जो रास्ते सरकारी नक्शे में दर्ज हैं, उन पर अंडरपास बनाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में अभयवीर सिंह ढाका, गौरव कुमार, लोकेश कुमार, बलकरण सिंह, प्रभात भूपेंद्र सिंह, संजीव कुमार, तुकमान सिंह, देवेंद्र कुमार आदि किसान शामिल रहे।

## हंसगुल्ले

शादी के बाद पहली बार बहू रसोई में गई और रेसिपी बुक में पढ़कर खाना बनाने लगी। सास बाहर से घर लौटी, फ्रिज खोला, अंदर देखकर चकराई और पूछा, 'यह मंदिर का घंटा फ्रिज में क्यों रखा है?' बहू: किताब में लिखा है, 'सब चीजों को मिक्स कर एक घंटा फ्रिज में रखें।'

✦✦✦✦

मेरा दोस्त जब भी मिलता, कहता कि कुछ खाया कर, बहुत कमजोर हो गया है।

फिर मैंने उसके दस हजार रुपये खा लिए, अब गांव भर में पंचायत करते घूम रहा है।

✦✦✦✦

मनोचिकित्सक : देखिए मैडम, पति पर जब गुस्सा आए तो उसे एक चिट्ठी में जो मन में आए, लिखिए और फिर उसे जला दीजिए।

महिला : अच्छा! और चिट्ठी का क्या करें?

✦✦✦✦

डॉक्टर को समझ नहीं आ रहा था, मरीज को कैसे बताए कि वह गंभीर है और कुछ ही देर का मेहमान है। कुछ देर बाद वह मरीज से बोला, 'मोबाइल से कुछ डिलीट करना है तो कर दीजिएगा।'

# ताइक्वांडो प्रतियोगिता में एजुकोल गर्ल्स की छात्राएं आईं तीसरे स्थान पर

**धामपुर ( चिंगारी )।** उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के सीबीएसई स्कूलों के बालिका ताइक्वांडो टूर्नामेंट में एजुकोल द गर्ल्स स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त कर धामपुर का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में किरतपुर को प्रथम और मथुरा को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। विद्यालय पहुंचने पर सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।




खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए प्रधानाचार्या।

नजीबाबाद नगर के मूलचंद एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के सीबीएसई के चार दिवसीय बालिका ताइक्वांडो टूर्नामेंट का भव्य समारोह के साथ समापन हुआ। प्रतियोगिता में 173 सीबीएसई स्कूलों के 1573 बालिकाओं ने भाग लिया। प्रतिभागी खिलाड़ियों में से अदीबा इकबाल, एंजल चौधरी ने सिल्वर मेडल और आराध्या चौहान ने ब्रांज मेडल प्राप्त किया। अदीबा इकबाल और एंजल चौधरी का चयन नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए हुआ, जो विद्यालय के लिए गौरव का पल रहा। सभी खिलाड़ियों के विद्यालय पहुंचने पर प्रबंधक डॉ. लोकेंद्र सिंह, प्रधानाचार्या मिस प्रीति अग्रवाल ने भव्य स्वागत किया। ताइक्वांडो कोच दीपिका, शिवानी, साक्षी चौहान, उमेश कुमार व समस्त स्टाफ का योगदान सराहनीय रहा।

# नाले के निर्माण को लेकर दो कॉलोनियों के लोग आमने-सामने

## सड़क पर कुर्सियां डालकर बैठ गईं महिलायें





**बिजनौर ( चिंगारी )।** जल निकासी के लिए नाले के निर्माण को लेकर मंगलवार को साईं विहार और अनुपम विहार कॉलोनी के लोग आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों के बीच विवाद की स्थिति बन गई। साईं विहार के लोगों का आरोप है कि अनुपम विहार के कुछ लोग नाले का निर्माण नहीं होने दे रहे। वहीं, अनुपम विहार के लोगों का कहना है कि उनकी आपत्तियों और समस्याओं को नजरअंदाज कर निर्माण कराया जा रहा है। मंगलवार को विवाद उस समय बढ़ गया, जब अनुपम विहार की कुछ महिलाएं सड़क पर पहुंचीं और कुर्सियां डालकर बैठ गईं। महिलाओं ने सड़क पर बैठकर नाला निर्माण का विरोध किया। इससे रास्ता कुछ समय के लिए अवरुद्ध हो गया और वाहन चालकों व राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। दोनों कॉलोनियों के लोगों की भीड़ जुटने से मौके पर माहौल गरमा गया। स्थिति को देखते हुए पुलिस बल भी मौके पर तैनात किया गया। साईं विहार के लोगों का कहना है कि कॉलोनी में जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश के दौरान जलभराव की समस्या गंभीर हो जाती है। गलियों और आसपास के क्षेत्रों में पानी भरने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि नाले का निर्माण होने के बाद पानी की निकासी का रास्ता साफ हो जाएगा और जलभराव की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है।

### नाला निर्माण कोर्ट तक पहुंचा

साईं विहार के लोगों का दावा है कि नाले के निर्माण को लेकर मामला न्यायालय तक पहुंच चुका है। उनका कहना है कि न्यायालय के आदेश के बाद ही नाले का निर्माण कार्य शुरू कराया गया है। इसके बावजूद अनुपम विहार के कुछ लोग निर्माण कार्य का विरोध कर रहे हैं। साईं विहारवासियों का आरोप है कि विरोध के चलते निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है।

वहीं, अनुपम विहार की ओर से विरोध कर रही महिलाओं का कहना था कि निर्माण को लेकर उनकी भी समस्याएं और आपत्तियां हैं, जिन्हें सुना जाना चाहिए। उनका आरोप है कि उनकी सहमति और समस्याओं का समाधान किए बिना निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसी के विरोध में महिलाओं ने सड़क पर बैठकर रास्ता रोकते हुए अपना विरोध दर्ज कराया।

# पूर्व सैनिकों और वीर नारियों की समस्याओं का प्राथमिकता से होगा निस्तारण

## डीएम ने अधिकारियों को दिये समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश



**बिजनौर ( चिंगारी )।** कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में मंगलवार को जिला सैनिक बंधु समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि पूर्व सैनिकों और वीर नारियों की समस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बैठक में पूर्व सैनिकों और वीर नारियों ने विभिन्न समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। जिलाधिकारी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिये।

### धामपुर और चांदपुर में होगी समिति की बैठक

जिलाधिकारी ने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी से कहा कि धामपुर और चांदपुर तहसीलों में भी जिला सैनिक बंधु समिति की बैठक आयोजित की जाए, ताकि संबंधित क्षेत्रों के राजस्व एवं पुलिस विभाग से जुड़े प्रकरणों का स्थानीय स्तर पर निस्तारण कराया जा सके। बैठक में 26 जुलाई को कारगिल दिवस के अवसर पर लद्दाख में एक महिला द्वारा सैनिकों के संबंध में की गई कथित अभद्र टिप्पणी के मामले में एफआईआर दर्ज कराने की मांग भी उठी। जिलाधिकारी ने इस संबंध में पुलिस विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिये।

### सड़क निर्माण और अवैध कब्जे का मुद्दा भी उठा

बैठक में सेंट मैरी स्कूल से भाजपा कार्यालय तक सड़क निर्माण की मांग रखी गई, जिस पर जिलाधिकारी ने उचित कार्रवाई के निर्देश दिये। इसके अलावा अतिक्रमण हटाने, भूमि की पैमाइश कराने और भूमि से अवैध कब्जा हटवाने समेत विभिन्न समस्याएं भी पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों ने उठाईं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सभी मामलों के नियमानुसार निस्तारण के निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व देवेंद्रपाल सिंह, पुलिस अधीक्षक नगर केजी सिंह, मुख्य कोषाधिकारी, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सेवानिवृत्त कैप्टन अनिल कुमार गुप्ता सहित अन्य अधिकारी, पूर्व सैनिक एवं वीर नारियां मौजूद रहीं।




# सकारात्मक विचार ही राष्ट्र के विकास का आधार : महेन्द्र

## विवेक विश्वविद्यालय में विचारोत्तेजक कार्यक्रम का आयोजन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** विवेक विश्वविद्यालय, बिजनौर में युवाओं में राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी, सकारात्मक सोच और सामाजिक सरोकारों को विकसित करने के उद्देश्य से एक प्रेरणादायी एवं विचारोत्तेजक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र प्रचारक महेन्द्र ने सहभागिता की। उन्होंने विचार से विकास की ओर एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका विषय पर विद्यार्थियों एवं उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए राष्ट्र निर्माण में युवा शक्ति के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र के विकास की नींव उसके नागरिकों के विचारों और दृष्टिकोण में निहित होती है। सकारात्मक विचार ही सकारात्मक कार्यों को जन्म देते हैं और यही कार्य आगे चलकर समाज एवं राष्ट्र के विकास का आधार बनते हैं। उन्होंने कहा कि भारत के पास विश्व की सबसे बड़ी युवा शक्तियों में से एक है और यदि युवाओं की ऊर्जा, प्रतिभा, ज्ञान एवं क्षमता का सही दिशा में उपयोग किया जाए तो भारत को विकसित एवं सशक्त राष्ट्र बनाने का लक्ष्य शीघ्र प्राप्त किया जा सकता है।

उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपनी शिक्षा को केवल रोजगार प्राप्त करने का माध्यम न मानें, बल्कि इसे चरित्र निर्माण, राष्ट्र सेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व और आत्मनिर्भरता का आधार बनाएं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण केवल सरकार या किसी एक संस्था की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर विवेक विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अमित गोयल ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें जिम्मेदार, संवेदनशील एवं राष्ट्र के प्रति समर्पित नागरिक बनाना भी है। कार्यक्रम का संचालन डा. निधि शुक्ला ने किया।

# आवास विकास कांशीराम कालोनी में आवंटियों की जांच शुरू

## दो सौ चालीस आवंटियों में 75 में मिले अवैध कब्जे, 20 फर्जी आवंटन पत्रों का भी हुआ खुलासा



**बिजनौर ( चिंगारी )। शासनादेश के उपरान्त जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देश पर कांशीराम कालोनी की जांच शुरू कर दी गई है। जिसके लिए विशेष जांच टीम गठित की गई। डूडा विभाग, नगर पालिका और तहसील विभाग की संयुक्त टीम गठित की गई है जो मौके पर पहुंचकर आवंटियों के आवंटन प्रपत्रों और उसमें रहने वाले परिवारों की जांच पड़ताल कर रहे हैं।**

आज दूसरे दिन भी राजस्व निरीक्षक सुभाष कुमार, लेखपाल महेंद्रपाल, मुकेश पाल, जगदीश सैनी, डूडा मैनेजर पी.के.सैनी, गोपाल कुमार, नगर पालिका, जेई गौरव शर्मा, सफाई इंस्पेक्टर गोविंद चौधरी, लाइट इंचार्ज निपेंद कुमार आदि की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर गहनता से जांच पड़ताल की तो पाया कि तमाम आवासों में अवैध रूप से लोग रह रहे हैं। कुछ में तो किराएदार रह रहे हैं, तो कुछ में आपराधिक प्रवृत्ति के लोग दूसरों से आवास खरीद करके अवैध रूप से रह रहे हैं। जांच के दौरान देखने में यह भी आया कि जो आवास कई साल से बंद पड़े थे, उन आवासों को कुछ लोगों ने जबरन अपने कब्जे में ले रखा है। अब अचानक कालोनी की जांच होने पर कुछ चौकाने वाले तथ्य भी सामने आए। कुछ अवैध कब्जा धारकों के पास लगभग 20 फर्जी/नकली आवंटन प्रपत्र भी पकड़ में आए हैं। इन फर्जी आवंटन पत्रों को बनाए जाने में एक सपा की महिला नेत्री का नाम प्रकाश में आया है जिनको जांच टीम ने अपने पास रिकॉर्ड में सुरक्षित किया है। तमाम ऐसे भी आवंटी चिन्हित किए गए जो आवंटित आवासों में बाहरी लोगों को बिना किसी वेरीफिकेशन किराएदार रखे हुए हैं और किरायेदारों के फोन द्वारा जांच की बाबत सूचना देने पर बदहवास भागते दौड़ते अपने आवास के प्रपत्र लेकर जांच टीम के समक्ष पहुंच गए ताकि जांच टीम को आभास न हो सके और गुमराह किया जा सके कि वे यही पर रहते हैं, दूसरी जगह नहीं रहते हैं।

### जांच में सामने आया फर्जीवाड़ा

लेकिन जांच टीम की पैनी नज़रों और सवालों से बच नहीं पाए, जबकि इन आवासों के आवंटी अपने-अपने पुराने पैतृक मकानों में निवास कर रहे हैं। जांच में ये भी खुलासा हुआ कि ऐसे असंख्य आवंटी हैं जो कांशीराम कालोनी में भी आवासों पर काबिज हैं और दूसरी ओर अपने-अपने पैतृक और निजी प्लाट पर प्रधानमंत्री आवास योजना से भी लाभ प्राप्त कर चुके हैं, जबकि शासनादेश के अनुसार आवासीय योजना में दोहरा लाभ प्राप्त नहीं किया जा सकता है। जांच के दौरान अब तक कुल 58 ब्लॉक में से 20 ब्लाकों में 240 आवासों की जांच हो चुकी है, जिसमें 75 आवासों में अवैध कब्जे पाए गए हैं। अभी शेष 38 ब्लॉकों यानि 456 आवासों की जांच होनी अभी बाकी है। अवैध कब्जा धारकों में हड़कंप मच गया है। दूसरी ओर जिलाधिकारी द्वारा करवाई की जा रही, निष्पक्ष जांच से तमाम वास्तविक गरीब पात्र लोगों में आवास मिलने की आस जगी है, जिनके पास सर छुपाने की भी जगह नहीं है।

# भाकियू का धरना जारी

## कल वार्ता करने आयेंगे अधिकारी



**किरतपुर ( चिंगारी )।** मेरठ-पौड़ी हाईवे पर नजीबाबाद रोड पर ग्राम मोचीपुरा के सामने कट को लेकर आज तीसरे दिन भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक का धरना जारी रहा। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के तहसील महासचिव हितेश चौधरी व ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद राजपूत के नेतृत्व में तीसरे दिन भी धरना जारी रहा। दोनों नेताओं ने दोटूक कहा कि जब तक कट का पक्का समाधान नहीं होगा, तब तक धरना जारी रहेगा। दोनों नेताओं ने बताया कि मेरठ से जब हाईवे के अधिकारी कल आएंगे तब वार्ता होगी। आगे का निर्णय वार्ता के बाद ही लिया जाएगा। धरने पर विनोद चौहान, डिंपल राजपूत, कुलबीर चौधरी, राजेंद्र, मोहन चौहान, नीतू, देशराज सिंह, दिनेश चौहान, पदम राणा, धर्मेंद्र कुमार व शैलेंद्र सिंह के अलावा काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

# फिर न कोई घटना जाये घट

## नाले पर डलवाये पट



**किरतपुर ( चिंगारी )।** मौहल्ला अंसारियान में खुले नाले को सुरक्षित करने के लिए उस पर पट डालने का काम शुरू कराया गया। शनिवार को भारी बारिश के दौरान एक बालक हम्माद की इस नाले में गिरने से मृत्यु हो गई थी। उस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने नाले को ढकवाने की मांग चेयरमैन अब्दुल मन्नान से की थी। लोगों की मांग को गंभीरता से लेते हुए चेयरमैन ने संबंधित कर्मचारियों को नाले पर पट डालने के निर्देश दिए, जिसके बाद आज काम शुरू हुआ। चेयरमैन अब्दुल मन्नान ने कहा कि जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बारिश के दौरान अभिभावकों से बच्चों को खुले नालों, जलभराव और तेज बहाव वाले पानी से दूर रखने की अपील की। स्थानीय लोगों ने नगर के अन्य खुले नालों और जलभराव वाले स्थानों को भी चिन्हित कर सुरक्षित कराने की मांग की है।

# जेसीबी चालक पर किया फायर, आरोपियों पर मुक़दमा दायर



**नूरपुर ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के गांव आजमपुर निवासी जेसीबी चालक अजीम पुत्र फुरकान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार को वह अपनी जेसीबी मशीन लेकर नूरपुर जा रहा था। इस दौरान बाइक सवार युवक फैसल पुत्र इकबाल निवासी ग्राम धूंदली (चांदपुर) अपने एक अन्य साथी के साथ उसके पीछे आया तथा गाली-गलौच करने लगा। जब उसने विरोध किया तो फैसल ने जान से मारने की नीयत से तमंचे से उस पर फायर कर दिया। हमले मे वह बाल-बाल बच गया। पीड़ित का आरोप है कि दोनों युवक जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि की है।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद नहटौर, जनपद-बिजनौर

पत्रांक :-818/न.पा.परि.नह.-2026-27 दिनांक:- 09/09/26

## अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

समस्त पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फण्ड से प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद नहटौर क्षेत्रान्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित करती है। अतः इच्छुक ठेकेदार/फर्म दिनांक 10/9/2026 से 20/9/2026 को दोपहर 02:00 बजे तक पालिका से निविदा प्रपत्र प्राप्त कर अपनी निविदा दरें बंद लिफाफे में नगर पालिका परिषद नहटौर के ड्रॉप बॉक्स में जमा करा दें। निविदा प्रपत्र की बिक्री की समयावधि दिनांक 10/09/2026 से दिनांक 19/9/2026 को दोपहर 02:00 बजे तक रहेगी। ड्रॉप बॉक्स को दिनांक 20/09/2026 को सांय 04:00 बजे अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष महोदया के समक्ष खोला जायेगा, कार्य का विवरण निम्नवत है-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | मद का नाम | प्राकलन धनराशि | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र मूल्य (जी.एसटी. सहित) | कार्य अविधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका परिषद नहटौर क्षेत्रान्तर्गत वार्ड नं.-07 मौ. जोशियान में श्री पुष्पेन्द्र जैन की दुकान से श्री इदरीस की दुकान तक 160 एम.एम. एच.डी.पी.ई. पाइप लाइन बिछाये जाने का कार्य | राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फण्ड | 271076.00 | 27107.00 | 320.00 | 1 माह |

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद नहटौर
जनपद-बिजनौर

**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद नहटौर
जनपद-बिजनौर

# गौवंश वध के आरोपी से पुलिस की मुठभेड़, पैर में गोली लगने से लंगड़ा हुआ आरोपी

## तमंचा-कारतूस, बाइक और पशु काटने के उपकरण बरामद, साथी हुआ फ़रार



**बिजनौर ( चिंगारी )।** नहटौर पुलिस ने गौवंशीय पशुओं के अवशेष मिलने के मामले में वांछित आरोपी को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी, उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस, मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन तथा गौवंश काटने में प्रयुक्त उपकरण बरामद हुए हैं।

पुलिस के अनुसार, 8/9 सितंबर की रात को ग्राम सराय की पुलिया के पास चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखकर वे भागने लगे। घेराबंदी के दौरान आरोपी ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी, जवाबी कार्रवाई में इकराम उर्फ भूरा के पैर में गोली लगी और वह लड़खड़ा कर गिर गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया।

पुलिस ने आरोपी के पास से एक तमंचा 315 बोर, दो खोखा व एक जिंदा कारतूस, बाइक, मोबाइल फोन, एक चापड़, कुल्हाड़ी, दो छुरी, लकड़ी का गुटका और रस्सा बरामद किया।

पूछताछ में उसने गौवंश वध की बात कबूली। आरोपी ने बताया कि 4/5 सितंबर की रात उसने अपने साथी इमरान उर्फ भूरा के साथ मिलकर गौवंशीय पशुओं का वध कर उनके मांस की दावत की थी। दोनों सराय असनारा और शादीपुर के जंगलों में गौवंशीय पशुओं की तलाश में घूम रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें घेर लिया। उसका साथी फरार हो गया, उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं।

# ओम कुमार ने भाजपा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया



**नहटौर ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी पश्चिमी क्षेत्र में जनपद बिजनौर से नवनियुक्त क्षेत्रीय उपाध्यक्ष श्री राजीव सिसोदिया, श्री सुभाष वाल्मीकि एवं क्षेत्रीय मंत्री श्रीमती हरजिंदर कौर के स्वागत एवं अभिनंदन के लिये आज नहटौर स्थित विधायक ओम कुमार के कैंप कार्यालय ओम सेवा सदन पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों के स्वागत के लिए सैकड़ों की संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी पहुंचे। इस दौरान पूरा परिसर भाजपा कार्यकर्ताओं के उत्साह से सराबोर नजर आया।

विधायक ओमकुमार ने नवनियुक्त क्षेत्रीय पदाधिकारियों का माल्यार्पण एवं पटका पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को प्रभु श्रीराम का दरबार भेंट कर उनके उज्ज्वल एवं सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। कार्यकर्ताओं ने भी फूल-मालाओं से स्वागत कर नवनियुक्त पदाधिकारियों के प्रति अपना उत्साह और विश्वास जताया।

विधायक ओम कुमार ने कहा कि जनपद बिजनौर को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मिलना यहां के प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता के लिए गौरव की बात है। पार्टी नेतृत्व ने जिन कार्यकर्ताओं पर विश्वास जताया है, वे निश्चित रूप से अपनी मेहनत, निष्ठा और संगठनात्मक क्षमता के बल पर पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का काम करेंगे।

# जिला जेल में महिला बंदियों के लिए बनाए गए स्पेशल टेलीफोन बूथ

**बिजनौर ( चिंगारी )।** अब महिला बंदी भी ठीक से अपने घर और अपने वकील से सीधे बातचीत कर तनाव मुक्त रह सकती हैं। यह सुविधा बिजनौर जिला जेल में महिलाओं के लिए अलग से पीसीओ लगाकर की गई है। पहले से ही बंदियों द्वारा दिये गए पंजीकृत फोन नंबरों पर ही बातचीत कराई जाएगी इसके लिए महिला बैरिक में पीसीओ लगा दी गई है। पहले से ही पांच पीसीओ लगे हुए थे, लेकिन वहां पर महिलाओं को वेटिंग में खड़ा होना पड़ता था और जैसे किसी महिला बंदी को अपने पति से बात करनी है तो सबके सामने बात करना संभव नहीं होता था। बंदियों द्वारा बात करने के लिए जो नंबर दिए गए हैं उन पंजीकृत नंबरों की पहले पुलिस के द्वारा जांच की जाती है पुलिस की जांच के बाद ही उन नंबरों पर बंदियों की बात कराई जाती है। यह सारी प्रक्रिया बायोमेट्रिक है जो महिलाओं के अंगूठे के साथ ही खुलेगी। जो नंबर फीड है सत्यापित है, वही नंबर पर बात हो सकती है अन्य किसी नंबर पर बंदी बात नहीं कर सकते हैं। विचाराधीन महिला बंदी सप्ताह में दो बार बात कर सकती है, जबकि सजायाफ्ता कैदी सप्ताह में तीन दिन बात कर सकती हैं। इस व्यवस्था से कैदियों में तनाव कम होगा और सुधार होने की गुंजाइश बढ़ेगी।

# 'स्किल मंथन' में गूंजी बिजनौर के 'विदुर प्रेरणा स्वदेशी ब्रांड' की गूंज

## केंद्रीय कौशल विकास मंत्री जयंत चौधरी के समक्ष डीएम जसजीत कौर ने प्रस्तुत किया बिजनौर का नवाचार

**बिजनौर ( चिंगारी )।** केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय द्वारा आयोजित 'स्किल मंथन' वेबिनार में बिजनौर के 'विदुर प्रेरणा स्वदेशी ब्रांड' की महिला सशक्तिकरण एवं स्थानीय उत्पादों को बाजार से जोड़ने की पहल को प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया।

वेबिनार के दौरान बिजनौर की जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री श्री जयंत चौधरी के समक्ष विदुर प्रेरणा स्वदेशी ब्रांड की कार्यप्रणाली, महिला स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी, उत्पाद निर्माण, ब्रांडिंग एवं बाजार उपलब्धता से संबंधित प्रस्तुतीकरण दिया।

प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि विदुर प्रेरणा स्वदेशी ब्रांड के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को स्थानीय स्तर पर उद्यमिता से जोड़ते हुए उनके उत्पादों को एक संगठित




ब्रांड एवं बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है। यह पहल 'स्वदेशी' की भावना को मजबूत करने के साथ-साथ महिलाओं की आय एवं आत्मनिर्भरता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण नवाचार है।

केंद्रीय मंत्री श्री जयंत चौधरी ने बिजनौर के इस नवाचार की सराहना करते हुए मंत्रालय स्तर पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए कि विदुर प्रेरणा स्वदेशी ब्रांड की इस सफल पहल एवं नवाचार को अन्य जनपदों में भी स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप अपनाने की संभावनाओं पर कार्य किया जाए। उन्होंने जिला प्रशासन के सहयोग से ऐसे स्थानीय एवं महिला-नेतृत्व वाले उद्यमों को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया।

# फरजाना का बैग ले उड़ीं बुर्काधारी महिलाएं

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर के सराफा बाजार में खरीदारी करने आई एक महिला का बैग दो बुर्काधारी महिलाओं ने चोरी कर लिया। यह घटना कल शाम की है। जसपुर निवासी फरहाना परवीन अपने भाई की शादी के लिए, अपने तीन रिश्तेदारों के साथ आभूषण खरीदने धामपुर ज्वैलर्स मार्केट में पहुंची थी। इसी दौरान दो महिलाएं दुकान में दाखिल हुई। फरजाना ने बताया कि एक महिला आभूषण देखने में दुकानदार को उलझाए रही, जबकि दूसरी महिला ने मौका पाकर फरजाना का बैग उठा लिया। कुछ देर के बाद दोनों महिलाएं दुकान से रफू चक्कर हो गईं। बैग गायब होने का पता चलने पर फरजाना के होश उड़ गए। बैग में करीब 50000 की नगदी सहित चांदी के जेवरात, आधार कार्ड, एटीएम व अन्य कीमती सामान था। यह सारी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फरजाना पीड़ित महिला ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराने, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर महिलाओं की पहचान करने और चोरी किया गया सामान बरामद करने की गुहार लगाई है। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर जांच में जुट गई है।

# राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त रचना कपूर को सम्मानित किया



मुख्यमंत्री से पुरस्कार ग्रहण करते हुए रचना कपूर।


रचना कपूर को सम्मानित करते हुए रेडक्रॉस सोसायटी के पदाधिकारी।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शिक्षक दिवस के अवसर पर गोरखपुर में आयोजित समारोह में राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित रचना कपूर का भारतीय रेडक्रास सोसायटी जनपद बिजनौर द्वारा भव्य स्वागत किया गया। रचना कपूर जनपद की पहली ऐसी महिला हैं जिन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार व उत्तम शिक्षा व छात्र संख्या बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा यह पुरस्कार दिया जाता है। संघ भवन स्थित सोसायटी के कार्यालय पहुंचने पर रचना कपूर का चेयरमैन टीकम सिंह सेंगर व डा. सुबोधचन्द्र शर्मा द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात शॉल ओढ़ाकर व एक डायरी व पैन देकर सम्मानित किया गया। टीकम सिंह सेंगर ने कहा कि यह बहुत गर्व की बात है सोसायटी की वाइस चेयरमैन रचना कपूर जनपद की पहली महिला हैं जिन्हें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार से गोरखपुर में सम्मानित किया गया है।

सोसायटी के डायरेक्टर योगेन्द्रपाल सिंह योगी, रोबिन सिंह, डा. विशाल, सुनील कुमार व योगेश ठाकुर द्वारा उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर अनुज पाठक, हिमांशु सहित अनेक रेडक्रास सोसायटी के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। रचना कपूर द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## जिले का गौरव बढ़ाया

बिजनौर की शिक्षिका रचना कपूर ने अपने समर्पण मेहनत और अनूठे शिक्षण प्रयासों से शिक्षा के क्षेत्र में मिसाल कायम की है। रचना कपूर ने राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया है।

2014 में जब रचना कपूर नंगली छोईया के विद्यालय पहुंचीं थीं, तब स्कूल में महज 42 विद्यार्थी थे उन्होंने विद्यालय स्टाफ के साथ मिलकर बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया और पढ़ाई के साथ-साथ उन्हें अंग्रेजी, खेलकूद सांस्कृतिक गतिविधियों तथा व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ा। उनके प्रयासों का परिणाम है कि आज विद्यालय में 109 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

## टीचिंग को नौकरी नहीं, जिम्मेदारी मानती हैं

**रचना कपूर बच्चों को कक्षा तक सीमित नहीं रखतीं। वह उन्हें डीएम और एसपी कार्यालय तक ले जाकर प्रशासनिक व्यवस्था और सरकारी कार्यप्रणाली से परिचित कराती हैं। उनके प्रयासों से विद्यालय के बच्चे जिला स्तरीय कार्यक्रमों में अंग्रेजी में भाषण देने के लिए भी आमंत्रित किए जाने लगे हैं। यह सम्मान सिर्फ रचना कपूर की उपलब्धि नहीं, बल्कि उन सभी शिक्षकों के लिए प्रेरणा है जो शिक्षा को नौकरी नहीं, जिम्मेदारी और बदलाव का माध्यम मानते हैं।**

धारा मोटर
फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# अग्रवाल युवा मंच की कार्यकारिणी का गठन

## प्रथम गोयल बने अध्यक्ष, स्पर्श गोयल सचिव



**चांदपुर ( चिंगारी )।** अग्रवाल युवा मंच की बैठक में सर्वसम्मति से कार्यकारणी का गठन कर प्रथम गोयल को अध्यक्ष एवं स्पर्श गोयल को सचिव चुना गया।

यहां ढाली बाजार अग्रवाल सभा चांदपुर के संरक्षक श्री कृष्ण अवतार अग्रवाल बैंकर्स के आवास पर आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से अग्रवाल युवा मंच की कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें प्रथम गोयल अध्यक्ष, तनिष्क गुप्ता उपाध्यक्ष, स्पर्श गोयल सचिव व लक्ष्य अग्रवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। इनके अलावा देव अग्रवाल, केशव अग्रवाल, अभय गुप्ता, कार्तिक अग्रवाल, आर्थव जैन, प्रांजल अग्रवाल, अभय अग्रवाल, अमन अग्रवाल व अनमोल गर्ग को कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया।

अग्रवाल युवा मंच के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रथम गोयल व सचिव स्पर्श गोयल ने सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने तथा समाज हित में कार्य करने की बात कही।

इस अवसर पर अग्रवाल सभा चांदपुर के संरक्षक श्री कृष्ण अवतार अग्रवाल बैंकर्स, अध्यक्ष नरेश कुमार गोयल, अमित गोयल, आकाश मित्तल व अमित मित्तल आदि मौजूद रहे।

# युवा नौकरी के पीछे न भागें : मुकुल

## एमडी इंटरनेशनल में युवा मंथन कार्यक्रम का आयोजन




**बिजनौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों के अंतर्गत युवा समिति बिजनौर द्वारा एमडी इंटरनेशनल स्कूल में युवा मंथन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग संघचालक महेशपाल सिंह और संचालन सह जिला विद्यार्थी प्रमुख ऋषभ कुमार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता मुकुल कानिटकर अखिल भारतीय प्रचार टोली सदस्य रहे। उन्होंने कहा की युवा ही हमारे देश का भविष्य हैं और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसके लिए युवाओं को तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा जिस क्षेत्र में भी कार्य करें राष्ट्र की भावना को ध्यान में रखकर इस प्रकार कार्य करें कि अपना राष्ट्र लाभान्वित हो। उन्होंने कहा कि नौकरी के पीछे न भागकर स्वावलंबन की दिशा में कार्य करना चाहिये। कार्यक्रम में लगभग 300 युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम स्थल पर साहित्य विक्री का स्टाल भी लगा हुआ था। कार्यक्रम में बिजनौर विभाग के विभाग प्रचारक क्रांति कुमार तथा जिला प्रचारक दीप्तिमान तथा संघ के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# अब्दुल मजीद हकीम इलाही से मिले शेरबाज



**चांदपुर ( चिंगारी )।** आजाद समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शेरबाज पठान ने अपने समर्थकों के साथ ईरानी सुप्रीम लीडर जनाब मुज्तबा ख़ामनेई के प्रतिनिधि अब्दुल मजीद हकीम इलाही साहब से ईरानी इस्लामिक कल्चर सेंटर दिल्ली में मुलाकात की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# छात्राओं की रिक्शा में वशीकरण-लव मैरिज के पर्चे फेंके

## युवा मित्रगण सामाजिक सेवा समिति ने थाने में दी तहरीर

**धामपुर ( चिंगारी )।** युवा मित्रगण सामाजिक सेवा समिति ने थाना प्रभारी धामपुर को एक शिकायती पत्र देकर नगर की महिला शिक्षण संस्थानों के बाहर पर्चे फेंकने वालों की जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। संगठन ने आरोप लगाया है कि एक संदिग्ध व्यक्ति द्वारा गुरु गुलाब शाह के नाम से पर्चे/विज्ञापन बहन-बेटियों की रिक्शा में स्कूल छुट्टी के समय फेंके जा रहे हैं। पर्चे में फीस लेकर लव मैरिज, वशीकरण, जादू-टोना, गृह क्लेश और शारीरिक समस्या के समाधान की बात कही गई है। मंगलवार की दोपहर लगभग एक बजे नगीना चौराहा पर लाला केदारनाथ बालिका विद्या मंदिर एवं कन्या इंटर कॉलेज की छुट्टी के समय चलती रिक्शाओं में ये पर्चे अज्ञात व्यक्तियों द्वारा फेंके गए।

संगठन ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक से मांग की है कि संबंधित मोबाइल नंबर की जांच की जाए। छात्राओं/महिलाओं को संपर्क में लाने व जाल में फंसाने के आरोपों की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए तथा स्कूल टाइम में पुलिस गश्त बढ़ाने के साथ एंटी रोमियो ग्रुप को सक्रिय किया जाए। शिकायती पत्र के साथ पर्चे के फोटो संलग्न किए गए हैं। शिकायत करने वालों में सुधेश भैंरे, सचिन पंडित, रॉकी माहपुर, नमन जैन, तापेश शर्मा, रोहन सैनी, सुरेन्द्र कुमार आदि शामिल हैं।

# एक अक्टूबर को होगा वरिष्ठ नागरिक सम्मेलन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सोमवार को वरिष्ठ नागरिक समिति के अध्यक्ष डॉ. सुरेशचंद तोमर की अध्यक्षता में समिति कार्यालय में कार्यकारिणी की बैठक हुई, जिसमें निर्णय लिया गया कि एक अक्टूबर को काकरान वाटिका में 10 बजे से 2 बजे तक वरिष्ठ नागरिक सदस्यों का वार्षिक महासम्मेलन होगा, जिसमें वरिष्ठ भाजपा नेता एश्वर्या मौसम चौधरी (मौसम भैया) मुख्य अतिथि व मेजर जनरल अजीत सिंह गहलोत, विशेष अतिथि होंगे। सम्मेलन के आयोजन के लिए विभिन्न उपसमिति बनायी गयी। बैठक में सम्मेलन को सफल बनाने के लिए विस्तृत चर्चा की गई। विमला नारंग एवं कृष्णमनी रस्तोगी, खिलेन्द्र सिंह, विनोद शर्मा, विपिन कुमार, कन्या गुरुकुल विद्यालय की प्राचार्या सविता आर्य को उनके द्वारा किए गए विशेष कार्यों के लिए सम्मानित किया जाना प्रस्तावित है। बैठक में अध्यक्ष डॉ. सुरेशचंद तोमर, महासचिव सुरेश कुमार राजपूत, कोषाध्यक्ष ऋषिपाल सिंह, संस्थापक ठाकुर जसवंत सिंह, वीके त्यागी, गणेश सिंह, राममोहन सिंह, योगेन्द्रपाल सिंह शास्त्री, अंबरीश कुमार, हरपाल सिंह, सत्यप्रकाश रस्तोगी, विनोद शर्मा, गिरधारी खन्ना, प्रमोद गुप्ता, बलजीत सिंह, विपिन कुमार, सूरजभान सिंह, भारत सिंह आदि उपस्थित रहे।

# विहिप का स्थापना दिवस मनाया



**चांदपुर ( चिंगारी )।** विश्व हिन्दू परिषद का स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को विहिप की स्थापना के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। नगर के बजरिया बाजार और गौकुलनगर स्थित नवदुर्गा मंदिर और गौरी शंकर मंदिर में विश्व हिन्दू परिषद के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विहिप के जिला संगठन मंत्री करुन जी ने विश्व हिन्दू परिषद की स्थापना के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम में जिला मंत्री सौरभ शर्मा, जिला धर्म प्रसारक संजय बजरंगी, नगर अध्यक्ष आकाश मित्तल, नगर मंत्री महेंद्र कुमार, अर्पित गोयल, प्रशांत अग्रवाल, विपिन बंसल, शलभ अग्रवाल, राजीव कुमार, टेकचंद शर्मा, मयंक सिंघल आदि लोग उपस्थित रहे।

# बड़ा शिव मंदिर में श्रीकृष्ण छठी महोत्सव कल

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )। नगर में भारी बरसात और प्राचीन बड़ा शिव मंदिर परिसर में पानी भर जाने के कारण श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाला छठी महोत्सव स्थगित कर दिया गया था। अब यह धार्मिक कार्यक्रम कल 10 सितंबर, गुरुवार को प्राचीन बड़ा शिव मंदिर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर आयोजकों ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।**

मोहल्ला किला निवासी एवं कार्यक्रम आयोजक रोहित अग्रवाल ने बताया कि पहले श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की छठी का कार्यक्रम 6 सितंबर को निर्धारित था, लेकिन लगातार हुई भारी बरसात के कारण मंदिर परिसर में पानी भर गया था। श्रद्धालुओं की सुविधा और कार्यक्रम की व्यवस्था को देखते हुए कार्यक्रम को स्थगित कर 10 सितंबर करने का निर्णय लिया गया था। उन्होंने बताया कि गुरुवार को मंदिर में धार्मिक आयोजन के साथ दोपहर 12 बजे छठी का भंडारा आयोजित किया जाएगा, जबकि शाम तीन बजे से कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने नगर/क्षेत्रवासियों एवं धर्मप्रेमी लोगों से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर धार्मिक आयोजन में शामिल होने तथा प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ कमाने का आह्वान किया।

# मौसम में ऐसी तब्दीली आई बारिश के बाद धुंध छाई

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** पिछले कई दिनों से लगातार हो रही बारिश के बाद मंगलवार को तेज धूप खिली। इसके बाद आज (बुधवार) सुबह मौसम में अचानक बदलाव देखने को मिला और क्षेत्र की सड़कों पर धुंध छाई नजर आई।



सुबह के समय धुंध के कारण कुछ स्थानों पर दृश्यता भी प्रभावित रही। जानकारों के अनुसार मौसम में आए इस बदलाव की मुख्य वजह लगातार बारिश के बाद वातावरण में बनी नमी और मंगलवार को निकली तेज धूप को माना जा रहा है। रात में तापमान में गिरावट के साथ वातावरण में मौजूद नमी एकत्र होकर हवा में महीन जलकणों के रूप में दिखाई देने लगती है, जिससे सुबह के समय धुंध की स्थिति बनती है। हालांकि धूप निकलने के साथ ही धुंध धीरे-धीरे कम होने की संभावना रहती है। बारिश के बाद अचानक धूप और फिर सुबह धुंध दिखाई देने से मौसम में बदलाव का असर साफ नजर आया। सुबह सड़क पर धुंध के कारण वाहन चालकों को भी सावधानी से आवागमन करना पड़ा।

# मेहरबान हुई योगी सरकार, कार्यकत्रियों का मानदेय हुआ 12 हजार

**बिजनौर ( चिंगारी )।** प्रदेश सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को बड़ी सौगात दी है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का मानदेय 7,500 रुपये से बढ़ाकर 12 हजार रुपये प्रतिमाह, जबकि सहायिकाओं का मानदेय 3,750 रुपये से बढ़ाकर छह हजार रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है। इसके साथ ही उन्हें पांच लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या से प्रदेश की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि तथा अन्य योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां और सहायिकाएं मां यशोदा की भूमिका निभा रही हैं। मुख्यमंत्री ने साड़ी की धनराशि भी बटन दबाकर उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की।



नवनियुक्त कार्यकत्रियों को प्रमाण-पत्र देते हुए अतिथि।

### बिजनौर में हुआ मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण

कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में मुख्यमंत्री के अयोध्या कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। विधान परिषद सदस्य अशोक कटारिया, नहटौर विधायक ओम कुमार, नगर पालिका परिषद बिजनौर की चेयरपर्सन श्रीमती इंदिरा सिंह, जिलाधिकारी जसजीत कौर सहित अधिकारियों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं ने कार्यक्रम देखा। बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में विधान परिषद सदस्य अशोक कटारिया ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को मानदेय वृद्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास' के आधार पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को सीधे उनके बैंक खातों में धनराशि भेजी जा रही है। डीबीटी व्यवस्था ने बिचौलियों की भूमिका समाप्त कर दी है और सरकार की ओर से भेजी गई धनराशि सीधे लाभार्थी के खाते में पहुंच रही है। नहटौर विधायक ओम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री हर व्यक्ति के चेहरे पर खुशी और जीवन में खुशहाली लाने का कार्य कर रहे हैं। केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ सभी धर्म, जाति और वर्ग के लोगों तक बिना भेदभाव पहुंचाया जा रहा है।

### कार्यकत्रियों को दिए सांकेतिक चेक, प्रशस्ति-पत्र और नियुक्ति पत्र

कार्यक्रम के दौरान विधान परिषद सदस्य अशोक कटारिया, विधायक ओम कुमार, नगर पालिका अध्यक्ष इंदिरा सिंह और जिलाधिकारी जसजीत कौर ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को बढ़े हुए मानदेय के सांकेतिक चेक वितरित किए। अति कुपोषित (सैम) बच्चों को चिन्हित कर उन्हें कुपोषण से बाहर निकालने में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। अति कुपोषित बच्चों और उनकी माताओं को पोषण पोटली भी वितरित की गई। इसके अलावा नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

# मुबारकपुर सम्पर्क मार्ग का बुरा हाल, लोग बेहाल

## 15 वर्ष पूर्व ग्राम पंचायत निधि से सीसी निर्माण कराया गया था



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** ब्लॉक जलीलपुर क्षेत्र के शुदनीपुर गांव में मुबारकपुर संपर्क मार्ग का बुरा हाल है। वहां हर समय कीचड़ और गंदा पानी भरा रहने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उनमें भारी आक्रोश है। रालोद के जिला महासचिव सुबोध कुमार तथा अनिल कुमार, सुनील कुमार, धूम सिंह, विपिन कुमार आदि ने जानकारी देते हुए बताया कि लगभग डेढ़ सौ मीटर लंबे इस संपर्क मार्ग पर 15 वर्ष पूर्व ग्राम पंचायत निधि से सीसी निर्माण कराया गया था, लेकिन यह पहली बरसात की मार भी न झेल सका और उखड़ना शुरू हो गया। अब हालात यह हैं कि सड़क पर जगह-जगह एक से डेढ़ फीट गहरे गड्ढे बने हैं, उनमें हर समय कीचड़ युक्त पानी भरा रहता है, इसी कारण यह संपर्क मार्ग अब आफत ए जान बना है। टूंगरी, सिसौना, गांगू नंगला, मुबारकपुर, उमरी पीर आदि गांवों के लोगों का रोज यहां से आना-जाना लगा रहता है, लेकिन खस्ता हाल हुई सड़क से राहगीरों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बाइक फिसलना और ई-रिक्शा पलटना तो आम बात है। कुछ जागरूक लोगों ने सांसद और खंड विकास कार्यालय में भी गुहार लगाई, लेकिन आश्वासन के सिवा कुछ न मिल सका।

# अभिभावकों ने किया धरना-प्रदर्शन



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** एसपी कान्वेंट रेजिडेंशियल पब्लिक स्कूल तिगरी में शिक्षा सुरक्षा और व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाते हुए नाराज अभिभावकों ने विद्यालय के समक्ष जमकर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षित एवं योग्य शिक्षक रखने, सिलेबस और बच्चों की पढ़ाई में सुधार करने, महंगी किताब और महंगी ड्रेस में सहानुभूति रखने की मांग की। विद्यालय प्रबंधक मनोज कुमार ने नाराज अभिभावकों को शांत कराते हुए 8 दिन में सुधार कराये जाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर नवनीत चौधरी, अनिल कुमार, अंकित कुमार, अभिजीत सिंह, दिनकर कुमार, लोकेश कुमार आदि अभिभावक मौजूद रहे।

धमाका धमाका धमाका

पुरानी के बदले नयी केवल आधे पैसों में

कोई भी कान की पुरानी मशीन
कमर की कोई भी पुरानी बैल्ट ( दर्द के लिए या ऑप्रेशन के बाद )
कोई भी Knee Cap ( घुटनों पर चढ़ाने वाली पट्टी )

कोई भी शुगर चैक करने की पुरानी मशीन लायें और नई ले जायें

हमारें यहाँ बड़े व्यक्तियों के लिए डायपर (Adult Diapper) लेटरिन कुर्सी, स्टूल व पोट, यूरिन पोट, व्हील चेयर, बैसाखी, वॉकर, सिकाई करने वाली बोतल, गरम पट्टी (Crape Bandage), Knee Cap, बेल्ट कमर दर्द के लिए, कॉलर, गले के लिए, Dextrose की बोतल, ऑप्रेशन के बाद बंधने वाली बेल्ट, हरनिया बेल्ट, Anti Dandruff Shampoo, Hand Sanitizer, हाथ धोने के लिए (Cotton, Bandage, Glycerin), मरीजों के लिए (Air Bed, Water Bed) आदि सभी सर्जिकल सामान थोक के उचित मूल्यों पर मिलते है। **पुरानी मशीन की रिपेयर भी होती है।**

गोयल मेडिकल स्टोर
नवयुग मार्केट, निकट रोहित होटल, बिजनौर
फोन - 9411012482, 8273387326
नौकरी के लिये युवक-युवतियां सम्पर्क करें।

# सखा क्रिएशंस ने 50 शिक्षकों को सम्मानित किया




**बिजनौर ( चिंगारी )। शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था सखा क्रिएशंस की ओर से 'शिक्षक वंदन उत्सव' का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में अपने समर्पण, नवाचार एवं विशिष्ट कार्यों से अलग पहचान बनाने वाले 50 शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित कर उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई।**

कार्यक्रम का संचालन सखा क्रिएशंस की जिला अध्यक्ष रुचिता सिंह ने किया। अपने सधे हुए एवं आकर्षक मंच संचालन से उन्होंने पूरे कार्यक्रम को गरिमा और जीवंतता प्रदान की। नगर पालिका अध्यक्ष इंदिरा सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य नागरिकों एवं विशिष्ट अतिथियों ने सहभागिता की। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र के निर्माण की आधारशिला हैं। बदलते समय में शिक्षक की भूमिका और भी व्यापक हो गई है। सखा क्रिएशंस की इस पहल की सराहना करते हुए उपस्थित लोगों ने कहा कि शिक्षकों के उत्कृष्ट कार्यों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करने से न केवल सम्मानित शिक्षक का उत्साह बढ़ता है, बल्कि अन्य शिक्षकों को भी बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सखा क्रिएशंस के संगठन उपाध्यक्ष अनिल कुमार, भूपेंद्र सिंह एवं मोहित सूर्यवंशी का विशेष योगदान रहा।

# दोयज मेले की तैयारी, जोर-शोर से जारी

## हलवे-पराठे का होटल लग चुका

**हल्दौर ( चिंगारी )।** हल्दौर के प्रसिद्ध गुदड़ी दोयज मेले की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। खेल खिलौने की दुकानें व झूले आदि के लगने का कार्य शुरू हो चुका है। मेले में सबसे पहले मशहूर हलवा-पराठे का होटल लगकर शुरू हो चुका है। 17 सितंबर को विधायक ओमकुमार मेले का उद्घाटन करेंगे। हल्दौर का गुदड़ी दोयज मेला ऐतिहासिक मेला है। यह करीब 100 वर्षों से लगता चला आ रहा है। मेले को लेकर जोर-शोर से तैयारियां शुरू हो गई हैं। आगामी 17 सितंबर से शुरू होने वाले मेले में सबसे पहले हलवा-पराठे का होटल पहुंच गया है और शुरू भी हो गया है। हल्दौर मेले का हलवा-पराठा काफी प्रसिद्ध रहा है। हालांकि इस बार रामपुर का प्रसिद्ध हलवे-पराठे का होटल नहीं लगा है, बल्कि जनपद संभल का होटल आया है। मेले में मनोरंजन के साधन झूले, काला जादू, सर्कस आदि के लगने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। जबकि खेल खिलौने आदि की दुकानें लगने की तैयारियां भी शुरू होने वाली हैं, जो शीघ्र ही आने वाले दिनों में जोर पकड़ सकती हैं। गुदड़ी दोयज मेला नगर का ऐतिहासिक मेला है। यह हर साल इन्हीं दिनों में लगता है। यह मेला हल्दौर और आसपास के क्षेत्रों के साथ-साथ दूर दराज तक के क्षेत्रों का प्रसिद्ध मेला है। मेले में लगने वाली विभिन्न तरह की दुकानें, खान-पान और मनोरंजन के साधन लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहते हैं। दिन-रात चलने वाले मेले में प्रतिदिन हजारों की तादाद में लोग अपने परिवार के साथ मेला देखने आते हैं। मेला आगामी 17 सितंबर से शुरू होकर करीब 15 दिनों तक लगातार चलेगा।

# सड़क पर बन गया नाला, कोई नहीं देखने वाला


सड़क बहने के बाद बना नाला।

**चंदक ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव बहादरपुर जट से बिलासपुर को जोड़ने वाला मार्ग पिछले करीब एक माह से क्षतिग्रस्त पड़ा है। गांव के निकास के पास बरसात के दौरान तालाब के ऊफनने के बाद पानी के कटाव से सड़क का बड़ा हिस्सा बह गया था जो बड़े नाले में तब्दील हो गया है। इसके बाद से मार्ग पर आवागमन प्रभावित है। मार्ग बाधित होने का असर सिर्फ बिलासपुर के ग्रामीणों पर ही नहीं, बल्कि नारायणपुर, गैबलीपुर सहित आसपास के कई गांवों के लोगों पर भी पड़ रहा है। ग्रामीणों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए काफी लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है, जिससे समय और खर्च दोनों बढ़ रहे हैं। यह मार्ग लोक निर्माण विभाग के अधीन बताया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि एक माह बीत जाने के बावजूद सड़क की मरम्मत नहीं होने से परेशानी लगातार बढ़ रही है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से जल्द सड़क की मरम्मत कराकर मार्ग को आवागमन के लिए सुचारु कराने की मांग की है।

KRISHNA COLLEGE OF SCIENCE & INFORMATION TECHNOLOGY
Noorpur Road, BIJNOR-246701 (U.P.)
IMMEDIATELY REQUIRES
ASSISTANT PROFESSORS FOR
1. B.Ed.
2. M.Ed.
Qualification : As per NCTE/State Govt. Norms
*Please apply within Twenty One days with the Bio-Data, Passport size Photo & Photo copies of the documents to the Manager or mail at*
krishnacollegebijnor@gmail.com

# सीएचसी स्योहारा में डिप्टी सीएमओ का औचक छापा

**स्योहारा ( चिंगारी )।** अचानक सीएचसी पहुंचे डिप्टी सीएमओ ने सफाई व्यवस्था दुरुस्त न मिलने पर नाराजगी जाहिर की और चार सफाईकर्मियों का वेतन रोकने के निर्देश दिये। मंगलवार को डिप्टी सीएमओ डॉ. के.के. राहुल ने सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। अचानक पहुंचे डिप्टी सीएमओ को देखकर अस्पताल प्रशासन में हलचल मच गई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई सहित मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने इमरजेंसी रूम, दवा कक्ष, लेबर रूम, वार्ड, ओपीडी कक्ष समेत एएनसी वार्ड आदि का निरीक्षण किया।



अस्पताल में सफाई व्यवस्था को लेकर डिप्टी सीएमओ ने नाराजगी जताई और सीएचसी अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही को साफ-सफाई व्यवस्था में तत्काल सुधार कराने के सख्त निर्देश दिये। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अस्पताल जैसे महत्वपूर्ण स्थान पर स्वच्छता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था में लापरवाही सामने आने पर डिप्टी सीएमओ ने सफाईकर्मी प्रदीप जोनी, वार्डबॉय भोगराज, शाकिर तथा वार्ड आया ज्योति के वेतन रोकने के आदेश दिये। डॉ. राहुल ने कहा कि सरकारी अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। डिप्टी सीएमओ के औचक निरीक्षण से अस्पताल कर्मचारियों में हड़कंप की स्थिति बनी रही। निरीक्षण के दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही, डॉ. प्रमोद देशवाल, डॉ. खालिद अख्तर, डॉ. रहमत, डॉ. अभिजीत भारद्वाज, डॉ. अनमोल अरोरा, फार्मासिस्ट प्रदीप रावत, योगेश कुमार, हरीश कुमार, आईओ वीर सिंह, एचआई राजेश कुमार, एआरओ आलोक कुमार, सफाई कर्मचारी प्रदीप जोनी, वार्डबॉय शाकिर, वार्ड आया ज्योति, स्टाफ नर्स, रसीदा, नीरज, डीईओ अनम, राशि आदि उपस्थित रहे।

## मंदिर में मनायी गई कृष्ण जी की छठी

**स्योहारा ( चिंगारी )।** नगर के प्राचीन श्री शिवालय लक्ष्मीनारायण मंदिर तथा ठाकुर मंदिर पर कृष्ण छठी का आयोजन किया गया, जिसमें विधिवत पूजन हुआ और बाद में भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान मंदिर पर मुकेश रस्तोगी, डाक्टर मनोज वर्मा, एडवोकेट अनिल कुमार शर्मा, नीरज रस्तोगी, रजत रस्तोगी, आसू रस्तोगी, विवेक गौड, डाक्टर यज्ञदत्त गौड़, मनोज कोशिक, संजीव भारद्वाज, आशू गुप्ता, पीयूष रस्तोगी, मोहित रस्तोगी आदि मौजूद रहे।



## सरस्वती शिशु मंदिर में हुई अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता

**चांदपुर ( चिंगारी )।** लाला प्यारेलाल सरस्वती शिशु मंदिर, चांदपुर में कक्षा 1 से 5 तक के छात्र-छात्राओं के लिए अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका श्रीमती रितु गर्ग एवं श्रीमती पायल अग्रवाल ने निभाई। प्रतियोगिता में कक्षा 1 में आराध्या शर्मा प्रथम, अरनव द्वितीय, सूर्यांश तृतीय, कक्षा 2 में दिव्यांका प्रथम, वैष्णवी द्वितीय, हर्ष तृतीय, कक्षा 3 में तनवी प्रथम, हिताक्षी द्वितीय, दिव्यांशी तृतीय, कक्षा 4 में हर्ष कुमार प्रथम, कृतिका द्वितीय, यश तृतीय तथा कक्षा 5 में रक्षित वर्मा प्रथम, रजनीश द्वितीय, हर्षा राजपूत तृतीय स्थान पर रहे। प्रधानाचार्य मदन सिंह ने छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



## शिक्षक दिवस पर शिक्षिकाओं को सम्मानित किया

**चांदपुर ( चिंगारी )।** एलएनएस क्लब चांदपुर चेष्टा की ओर से शिक्षक दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अनेक शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। मुहल्ला कायस्थान में नीतू अरोड़ा के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने वाली शिक्षिका बबीता त्यागी, मंजू शर्मा एवं मंजू त्यागी को माला पहनाकर व उपहार भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्रीमती मंजू त्यागी ने कहा कि शिक्षक अपने सभी विद्यार्थियों को अपने से आगे बढ़ता हुआ देखकर अपने जीवन की सार्थकता समझता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रेसिडेंट तनु भाटिया, सेक्रेटरी प्रीति चौधरी, ट्रेज़र नीतू अरोड़ा, संतोष सनाडिया, मंजू त्यागी, भूमिका जैन, लवी अग्रवाल, दीपाली गर्ग एवं सिद्धि गोयल सहित क्लब की सभी सम्मानित मेंबर्स मौजूद रहीं।



## सभासद नौमान उर्फ राजा का निधन

**स्योहारा ( चिंगारी )।** मौहल्ला मिककियान निवासी सभासद नौमान उर्फ़ राजा अहमद का मंगलवार को मुरादाबाद के एक अस्पताल में निधन हो गया। समाजसेवी चिकित्सक मनोज कुमार वर्मा, चेयरमैन फैसल वारसी, ईओ विजेंद्र सिंह पाल, पूर्व चेयरमैन अख्तर जलील, हाजी अनवर जमाल, प्रधान लिपिक देवेंद्र सिंह, अमित कुमार, डा.तफ़्फ़ुजुल अहमद, आरिफ़ जमाल, फ़िरोज़ हैदर, इमरान शरीफ, नगर पालिका लिपिक मौहम्मद शान, सुहैल ज़ुफ़र, सुब्हानी शबहात, रिटायर्ड बाबू इंतेखाब हुसैन, आशियान, बब्बन ठेकेदार, सभासद सुभद्रा देवी, विजयपाल सिंह, मनोज भटनागर, अमित शर्मा, अरविंद्र वाल्मीकि, प्यारेलाल सैनी, युसूफ चौधरी, इरम रिज़वान, खुर्शीद अहमद, ओमप्रकाश सिंह, पंकज कुमार, रामगोलाप सिंह, शाहब आलम, अकरम अहमद, दानिश इकबाल, सरफराज़ गुड्डा, आफताब आलम, इनाम अहमद गुल्लू, अच्छन अहमद, मुस्लिम फंड कर्मी रियाज़ अहमद, फ़िरोज़ अहमद, मौहम्मद अहमद, रफ़ी सिद्दीकी सहित सैकड़ों लोगों ने शोक जताया।


फाइल फोटो



# सैदपुरी में आसपा की बैठक में खुर्शीद मंसूरी को ग्रामीणों का समर्थन

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) की बैठक का आयोजन क्षेत्र के ग्राम सैदपुरी स्थित बॉम्बे गार्डन में किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि साहनपुर नगर पंचायत चेयरमैन एवं नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र से भावी प्रत्याशी खुर्शीद मंसूरी रहे। खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि आज देश व प्रदेश की जनता रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य व बेहतर बिजली व्यवस्था जैसे बुनियादी मुद्दों को लेकर परेशान है। सरकार को इन मुद्दों पर गंभीरता से काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता का ध्यान मुख्य मुद्दों से हटाने के लिए नफरत की राजनीति की जा रही है। उन्होंने आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आज़ाद की तारीफ करते हुए कहा कि वह लगातार गरीब, मजदूर, किसान, छात्र, नौजवान व वंचित समाज की आवाज को मजबूती से संसद में उठा रहे हैं। अब्दुल्ला गुलज़ार ने कहा कि जनता इस बार बदलाव का मन बना चुकी है। बैठक में सौफतपुर, हरचंदपुर, शहजादपुर, सैदपुरी, नयागांव, लाहक़ कला, कोटसराय, आलम सराय, दहीरपुर व कामराजपुर सहित दर्जनों गांवों से लोगों ने पहुंचकर खुर्शीद मंसूरी को समर्थन देने का ऐलान किया। इस अवसर पर राहतपुर के प्रधान मुस्तफा, मंडावली के पूर्व प्रधान वाहिद मकरानी, श्यामीवाला के पूर्व प्रधान शमशाद अंसारी, भगूवाला के पूर्व प्रधान अब्दुल हई अंसारी, करौली के प्रधान शाहिद अंसारी, मोहनपुर के पूर्व प्रधान इसरार, सराय आलम के प्रधान एडवोकेट शहजाद मंसूरी, सबलपुर बीतरा के प्रधान अब्दुल्ला, हाजी शहजाद, दानिश शेख, फैज़ान मंसूरी, गुलफाम, मुफ्ती ओसामा, खालिद, फुरकान, मानु, तारिक जैदी, असगर, रुक्सीद, जावेद, नाजिर, भूरे, इंतेखाब, सलीम अंसारी, जमशेद, महताब, इरफान आदि मौजूद रहे।



बैठक में अपने विचार व्यक्त करते खुर्शीद मंसूरी।

# ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** कस्बा जलालाबाद में घर से दूध लेने के लिए निकले एक युवक की आज सुबह ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। कस्बा जलालाबाद के मौहल्ला गुलिस्तान निवासी रफीक (35वर्ष) पुत्र अब्दुल हमीद बुधवार को सुबह अपने घर से दूध लेने के लिए निकला था। बताया जाता है कि जलालाबाद में रेलवे ट्रैक क्रॉस करते समय स्यालदाह एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक का शव कब्जे में लेकर सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया।

# रामलीला मंचन के पूर्वाभ्यास का पूजा अर्चना से शुभारंभ

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** नगर के अति प्राचीन श्रीराम लीला मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष अक्षत अग्रवाल सुपुत्र स्वर्गीय साहू राकेश अग्रवाल ने इस वर्ष होने जा रही श्रीराम लीला मंचन हेतु चयनित कमेटी श्रीराम जानकी कला परिषद द्वारा आयोजित रिहर्सल पूजन में पूरी श्रद्धा भाव से प्रतिभाग कर प्रभु श्रीराम के सम्मुख उपस्थित होकर विधि-विधान से पूजन किया। पूजन के साथ ही श्रीरामलीला मंचन के पुन: अभ्यास कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पंडित द्वारा विधि-विधान से पूजा अर्चना कर रामायण पाठ के बाद रामलीला मंचन का अभ्यास प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर श्री रामलीला मंडल के मंत्री नरेंद्र कुमार शर्मा, संरक्षक संजीव महेश्वरी एड., अध्यक्ष व निदेशक हरिओम सिंघल, महामंत्री आकाश नामदेव, अनंत कुमार अग्रवाल, राजीव मेहरा, पवन कुमार, प्रमोद सिंघल, नमन गोयल, यमन गोयल, उदय चौधरी, अंकुर गुप्ता, साकेत शर्मा, राहुल कश्यप, शिवम कौशिक, शिवम गोयल, विनोद शर्मा, कोमल मेहता, कोमल कश्यप, कमल महाराज, ईश्वर सैनी, अनंत सिंघल आदि उपस्थित रहे।

# शादाब जफर व्यापार संगठन के मीडिया प्रभारी बने

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष कपिल सर्राफ की संस्तुति पर नगर अध्यक्ष शाहिद सिद्दीकी ने पत्रकार शादाब जफर पुत्र मोहम्मद अयूब हसन निवासी मौहल्ला नवाबपुरा नजीबाबाद को संगठन का नगर मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। उनसे आशा व्यक्त की गई है कि वह संगठन में रहकर अपनी निष्पक्ष लेखनी से संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन परिवार ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# शिक्षिका चित्रा राजपूत शिक्षा के प्रति लगन के लिए सम्मानित

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** महिला शिक्षक संघ एवं सखा क्रिएशन सामाजिक व सांस्कृतिक संगठन के द्वारा कृष्णा फार्म बिजनौर में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में जीवंत शिक्षकों की खोज नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कंपोजिट विद्यालय जट्टीवाला की प्रधान अध्यापिका श्रीमती चित्रा राजपूत विकास क्षेत्र नजीबाबाद को शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान तथा शिक्षा के प्रति लगन, जागरूकता व शिक्षण के क्षेत्र में नवाचारों के द्वारा विद्यार्थियों के जीवन के प्रति उच्चतम मूल्य का विकास करते हुए उन्हें देश का उत्कृष्ट नागरिक बनाने में उनके योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।




# पत्रकार सुरक्षा समिति की नई कार्यकारिणी का शपथ व सम्मान समारोह


प्रतीक चिन्ह देकर शादाब जफर को सम्मानित करते अवनीश अग्रवाल।

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति (रजिस्टर्ड) नजीबाबाद की नगर इकाई के पदाधिकारियों की शपथ व सम्मान समारोह का आयोजन आजाद पब्लिक स्कूल में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अवनीश अग्रवाल टांडेवाले रहे। संगठन से जुड़े नये सदस्यों विपिन राजपूत, संजय अग्रवाल, नमित सिंघल, नसीम अहमद, नसरीन सैफी, सपना वर्मा, मनोज शर्मा का फूल मालाए पहनाकर, प्रतीक चिह्न देकर व शॉल ओढाकर जिलाध्यक्ष ने सम्मान किया। इस अवसर पर नई नगर इकाई के नौशाद सैफी नगर अध्यक्ष, डॉक्टर वसीम बारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मयंक कश्यप उपाध्यक्ष, सुहेल राजू महामंत्री, मरगूब हुसैन नासिर नगर संरक्षक, शादाब ज़फर मीडिया प्रभारी, नसीम उस्मानी कोषाध्यक्ष, आफताब आलम नगर सचिव, जुनैद अंसारी प्रचार मंत्री, शमीम सिद्दीकी संगठन मंत्री, अब्दुल रऊफ मंत्री, गुलजार शेख को कार्य कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हाशिम अहमद एवं संचालन अल्ताफ रज़ा ने किया।

# रोटरी क्लब ने शिक्षकों को किया सम्मानित



**नजीबाबाद (चिंगारी)।** रोटरी क्लब नजीबाबाद के सभी सदस्यों द्वारा शिक्षक दिवस पर नजीबाबाद के शिक्षकों का सम्मान किया गया, जिसमें निर्मला गोकुल सिंह यादव सरस्वती विद्या मंदिर के शिक्षकों पंकज शर्मा, श्रीमती फूलमाला, नीरज एवं मूलचंद अकादमी की शिक्षिका शिखा भंडारी, मिस रूबी सिंह, मुकुल कौशिक एवं वालिया ग्लोबल अकादमी के कार्तिक, हैदर, वैभव भारद्वाज एवं श्रीमती सरिता कपूर को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष रो. रमाकांत वालिया, सचिव रोटेरियन सुधीर अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रो. अंकित गोयल एवं चार्टर्ड प्रेसिडेंट एसपी मित्तल एवं क्लब के सभी सदस्य उपस्थित रहे। सभी टीचरों का सम्मान किया गया तथा कहा कि टीचर भारत के बच्चों के भविष्य को बनाते हैं, ताकि राष्ट्र के अच्छे नागरिक बने व समाज एवं राष्ट्र की सेवा कर सके। प्रोग्राम का संचालन सरदार जसपाल सिंह ने किया। रोटेरियन विवेक चंद गुप्ता, आलोक सिंघल, शलभ अग्रवाल, अंकन गोयल, देवेन्द्र अग्रवाल, वीके अग्रवाल, पवन अग्रवाल, अतिन गुप्ता, विनय अग्रवाल, सरदार इंद्रपाल सिंह व अनिल चौहान उपस्थित रहे।

# नजीबाबाद आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया तीरथ सिंह रावत का स्वागत

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** नजीबाबाद में श्रीमती लीना सिंघल के कैंप कार्यालय पर उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तीरथ सिंह रावत का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। स्वागत करने वालों में श्रीमती लीना सिंघल, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, जिला पंचायत सदस्य अमर सिंह, नगर अध्यक्ष भाजपा नकुल अग्रवाल, सुमंत कुमार, चौधरी ईशम सिंह, अरविंद शर्मा, कोमल सिंह हल्दिया, नितिन दिवाकर, कुलदीप ठाकुर, कपिल चौधरी, अमित गौतम, शिवकुमार जोशी, श्रवण जोशी, शिवम राजपूत, राजन राजपूत, अंजू सिंह, विष्णु कुशवाहा, विपिन सैनी, रविंद्र त्यागी, सुमित सैनी, एमएस रावत, मगन बिहारी सैनी, साजिद हुसैन आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तीरथ सिंह रावत ने लीना सिंघल एवं अन्य सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद देते हुए सभी से आगामी 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आवाहन किया। इससे पूर्व तीरथ सिंह रावत के नजीबाबाद के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पहुंचने पर भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उनका फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। स्वागत करने वालों में अवनीश अग्रवाल टांडेवाले, जिला महामंत्री बलराज त्यागी, राजकुमार प्रजापति, रितेश सेन, गायत्री निराला, तरुण राजपूत सहित काफी भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



तीरथ सिंह रावत को गुलदस्ता देकर स्वागत करती लीना सिंघल।

# हरिद्वार में कुंभ मेला-2027 की तैयारियां तेज

**हरिद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड के हरिद्वार में कुंभ मेला-2027 की तैयारियों के तहत अवस्थापना विकास कार्यों को स्थानीय जरूरतों और जनसुविधाओं के अनुरूप अंतिम रूप देने की कवायद तेज हो गई है। इसी कड़ी में मेलाधिकारी सोनिका ने मंगलवार को शंकर आश्रम चौक से ज्वालापुर रेलवे स्टेशन और जटवाड़ा पुल क्षेत्र तक स्थलीय निरीक्षण कर निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों और आम नागरिकों से संवाद कर क्षेत्र की समस्याओं और सुझावों की जानकारी ली। उन्होंने शंकर आश्रम चौक और अवधूत मंडल मार्ग पर सड़क सुधार एवं फुटपाथ निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए कहा कि कुंभ की तैयारियों में स्थानीय लोगों की सुविधा को प्राथमिकता दी जाएगी। यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए स्थानीय मांग के अनुरूप सड़क के मध्य डिवाइडर की चौड़ाई नहीं बढ़ाने का निर्णय लिया गया। प्रमुख मंदिरों और महत्वपूर्ण स्थलों तक श्रद्धालुओं के सुगम पैदल आवागमन के लिए फुटपाथ विकसित किए जाएंगे। साथ ही जरूरत के अनुसार प्रकाश व्यवस्था और सौंदर्यीकरण के कार्य भी कराए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को चौराहों के सुधार कार्य स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप करने के निर्देश दिए। साथ ही जनप्रतिनिधियों से टॉयलेट और पार्किंग के लिए उपयुक्त स्थान चिन्हित करने में सहयोग मांगा। भूमि उपलब्ध होने पर क्षेत्र में सतही पार्किंग और शौचालय की सुविधाएं विकसित की जाएंगी। स्थानीय लोगों की मांग पर अवधूत मंडल मार्ग के मध्य रेलिंग और लाइट पोस्ट लगाने के संबंध में भी आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।




मेलाधिकारी ने भगत सिंह चौक के निरीक्षण के दौरान सड़क सुधार, फुटपाथ निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्यों की प्रगति जानी। उन्होंने चौक से लगे नालों की सफाई कराने और आवश्यकता के अनुसार उन्हें ढकने के निर्देश दिए। इसके बाद ज्वालापुर रेलवे स्टेशन क्षेत्र में सड़क सुधार, सौंदर्यीकरण और जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्वक पूरा करने को कहा। जटवाड़ा पुल क्षेत्र में भी प्रस्तावित कार्यों की जानकारी लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए मेलाधिकारी ने कहा कि मेला प्रशासन और कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी क्षेत्र में जाकर स्थानीय लोगों से लगातार संवाद करें, ताकि कुंभ से जुड़े विकास कार्य केवल आयोजन तक सीमित न रहें, बल्कि भविष्य में भी शहरवासियों और श्रद्धालुओं के लिए उपयोगी साबित हों। निरीक्षण के दौरान नगर निगम की पार्षद मोनिका सैनी, पार्षद राजेश शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि गुलशन शर्मा सहित सागर अरोड़ा, जयकिशन विरमानी, सुमित मल्होत्रा, भारत तनेजा, धीरेंद्र गुप्ता, रवि शंकर, सुरेश शर्मा, हेमंत चावला, राजू गुप्ता, पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

# भुवनेश ने छोड़कर भाजपा का साथ, थाम लिया कांग्रेस का 'हाथ'



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भाजपा के दिग्गज ब्राह्मण नेता पूर्व ब्लाक प्रमुख व पूर्व जिला पंचायत सदस्य भुवनेश खर्कवाल अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। चुनाव से ठीक पहले खर्कवाल के पाला बदलने से गढ़वाल में भाजपा को करारा झटका लगा है। देहरादून में आयोजित एक कार्यक्रम में कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा ने श्री खर्कवाल को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराई। श्री खर्कवाल दो बार जिला पंचायत सदस्य व एक बार ब्लाक प्रमुख रह चुके हैं। वर्ष 2002 में भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी का नामांकन रद्द होने पर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे श्री खर्कवाल को भाजपा समर्थित प्रत्याशी घोषित किया गया था। श्री खर्कवाल के पाला बदलने से जहां एक ओर भाजपा को करारा झटका लगा है, वहीं कांग्रेस को बड़ी ताकत मिल गई है। यह भी ज्ञात हुआ है कि कांग्रेस श्री खर्कवाल को यमकेश्वर सीट मैदान उतार सकती है।

# शिक्षकों की लंबित मांगों का निस्तारण करने की मांग

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी ने शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी को ज्ञापन प्रेषित किया। संघ ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई एक्ट) लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता से मुक्त करने की मांग की। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि आरटीई एक्ट लागू होने से पहले शिक्षकों की नियुक्तियां उस समय लागू नियमों और निर्धारित शैक्षिक योग्यताओं के आधार पर हुई थी। ऐसे में वर्षों से शिक्षण कार्य कर रहे शिक्षकों पर बाद में संशोधित की गई आवश्यक अर्हता को लागू करना न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने कहा कि कई शिक्षक पिछले 25 से 30 वर्षों से लगातार शिक्षण कार्य कर रहे हैं। ऐसे शिक्षकों को अब टीईटी उत्तीर्ण करने के लिए बाध्य करना उनके पूर्व अनुभव और उस समय की नियुक्ति प्रक्रिया पर सवाल खड़ा करता है। ज्ञापन देने वालों में संघ के जिला मंत्री भोपाल सिंह रावत, जिला उपाध्यक्ष जयपाल सिंह भंडारी, पूरन सिंह रावत आदि शामिल रहे।

# रामलीला संचालन समिति का गठन, 25 सितंबर से होगा मंचन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** काशीरामपुर तल्ला क्षेत्र में रामलीला मंचन को लेकर आयोजित बैठक में रामलीला संचालन समिति का गठन किया गया। जिसमें पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपने के साथ ही रामलीला के आयोजन को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। समिति में डॉ. घनानंद शर्मा और कांति तिवाड़ी को अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। सचिव पद पर सोहन लाल गुप्ता, वीरेंद्र सिंह रावत और भीम सिंह बिष्ट को चुना गया। वहीं उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी नारायण सिंह भंडारी, संजीव थपलियाल और शांति नेगी को दी गई है। मोहन सिंह चौहान और विवेक बनियाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। रघुवीर सिंह ठाकुर और सुरेशानंद देवली को समिति में संरक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि दिनेश बौंठियाल को रामलीला का निर्देशक चुना गया। बैठक में तय किया गया कि काशीरामपुर तल्ला स्थित रामलीला मैदान में 25 सितंबर से पांच अक्टूबर तक रामलीला का मंचन किया जाएगा। आयोजन की खास बात यह रहेगी कि इस बार रामलीला के सभी पात्रों का अभिनय मातृशक्ति द्वारा किया जाएगा। आयोजकों ने कहा कि रामलीला के माध्यम से क्षेत्र में धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा देने के साथ ही महिलाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने का प्रयास किया जाएगा।



# कोटद्वार की बेटी प्रेरणा बिष्ट बनीं सेना में लेफ्टिनेंट

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** शिवराजपुर निवासी प्रेरणा बिष्ट सेना में लेफ्टिनेंट बन गई है। गया में आयोजित पासिंग आउट परेड में प्रेरणा बिष्ट को लेफ्टिनेंट पद पर कमीशन प्राप्त हुआ है। पासिंग आउट परेड में मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल ले वान हुआंग रहे। उन्होंने सैनिकों को देश की रक्षा व अपने कर्तव्य पर अडिग रहने की सीख दी। मूल रूप से सतपुली के मलेठी ग्राम निवासी प्रेरणा बिष्ट ने वर्ष 2025 में मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूर्ण की। प्रेरणा बिष्ट के पिता रिलायंस रिटेल लिमिटेड में कार्यरत है और मां संतोषी बिष्ट योग शिक्षक है। बेटी की सफलता पर माता-पिता, स्वजन और गुरुजन ने खुशी व्यक्त की है।

# उत्तराखण्ड के युवाओं में अपार प्रतिभा- डॉ. राजे



## ग्रैपलिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में जिला खेल कार्यालय नरेंद्रनगर एवं ग्रैपलिंग एसोसिएशन ऑफ टिहरी गढ़वाल के संयुक्त तत्वावधान में पूर्णानंद खेल मैदान में आयोजित अंडर-19 बालक-बालिका ग्रैपलिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ अखिल भारतीय सनातन संगठन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. राजे नेगी ने किया। उन्होंने कहा कि खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की पाठशाला हैं। उत्तराखंड के युवाओं में अपार प्रतिभा है, जिसे उचित मंच और मार्गदर्शन देकर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाया जा सकता है समापन समारोह में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष नीलम बिजलवान,भाजपा मंडल अध्यक्ष रमेश पुंडीर, सेवानिवृत्त एयरफोर्स अधिकारी डी.पी. रतूड़ी एवं समाजसेवी भुवनेश्वर प्रसाद भारद्वाज ने विजेता खिलाड़ियों को पदक प्रदान कर सम्मानित किया। नगर पालिका अध्यक्ष नीलम बिजलवान ने कहा कि खेल स्वस्थ समाज की नींव हैं। नगर क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव सहयोग दिया जाएगा।

प्रतियोगिता के सफल एवं निष्पक्ष संचालन में रेफरी पैनल की सराहनीय भूमिका रही। विशाल शर्मा, सार्थक सेमवाल, अजय कुमार, शिवानी काला, शीतल रावल, विजय गैरोला, विकास एवं करन शामिल रहे। आयोजन को सफल बनाने में जिला क्रीड़ा अधिकारी दीपक रावत, ग्रैपलिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के सचिव नवीन रयाल, ग्रैपलिंग टिहरी गढ़वाल के सचिव अनुज गौड़ तथा सह-कोषाध्यक्ष दीपाली रयाल का विशेष योगदान रहा।

# मेधावी छात्रों को गायत्री देवी सम्मान से नवाज़ा

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** ग्रामीण विकास नागरिक विचार मंच की ओर से आयोजित मेधावी छात्र सम्मान समारोह में हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले 20 छात्र-छात्राओं और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सात छात्र-छात्राओं को गायत्री देवी सम्मान से सम्मानित किया गया। वहीं दो शिक्षकों को पंडित दीनदयाल नवानी स्मृति शिक्षक सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वन संरक्षक साकेत बडोला, महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सरोजनी कैंत्यूरा, पार्षद नीरूबाला खंतवाल और प्रवेश नवानी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। साकेत बडोला ने मंच की ओर से किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रतिभावान विद्यार्थियों और शिक्षकों को इस तरह सम्मानित करने से उनका मनोबल बढ़ता है और उन्हें आगे बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलती है। संस्था के अध्यक्ष प्रवेश नवानी ने कहा कि ग्रामीण विकास नागरिक विचार मंच की ओर से विद्यार्थियों और शिक्षकों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिवर्ष इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य प्रतिभाओं को सम्मान देकर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर प्रकाश कोठारी, शिव प्रकाश कुकरेती, कल्पना तिवाड़ी, जनार्दन प्रसाद ध्यानी, बुद्धिबल्लभ ध्यानी, पीएल खंतवाल, रिपुदमन बिष्ट, विजय लखेड़ा, मुन्नी उनियाल, अशोक थपलियाल और विनोद ध्यानी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# राजस्व मामलों में लापरवाही पर योगी सरकार का शिकंजा

## पांच तहसीलदार निलंबित

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों के समयबद्ध निस्तारण में लापरवाही बरतने पर योगी सरकार ने सख्त कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राजस्व परिषद ने पांच तहसीलदारों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है, जबकि 13 तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। सरकार की ओर से जारी बयान के मुताबिक राजस्व परिषद ने सात सितंबर को प्रदेश के सभी राजस्व न्यायालयों में उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता-2006 की धारा 34 के तहत दाखिल वादों के निस्तारण की तहसीलवार और अधिकारीवार समीक्षा की। इसमें कई अधिकारियों के स्तर पर अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने के बाद यह कार्रवाई की गई।



निलंबित अधिकारियों में हरदोई की संडीला तहसील के तहसीलदार अमित यादव, देवरिया के तहसीलदार कृष्ण कुमार मिश्रा, जौनपुर के तहसीलदार सौरभ कुमार, अयोध्या के तत्कालीन नायब तहसीलदार एवं वर्तमान में गाजीपुर के तहसीलदार रंजन वर्मा तथा प्रतापगढ़ के तहसीलदार अलख शुक्ला शामिल हैं।

इससे पहले एक सितंबर को भी चार तहसीलदारों और एक नायब तहसीलदार को निलंबित किया गया था। यह कार्रवाई 29 अगस्त को मुख्यमंत्री द्वारा राजस्व अदालतों में लंबित मामलों की उच्चस्तरीय समीक्षा के बाद दिए गए निर्देशों के क्रम में की जा रही है। मुख्यमंत्री ने निर्धारित समय सीमा में राजस्व वादों का निस्तारण सुनिश्चित करने और लापरवाही पर कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। लापरवाही के आरोप में 13 तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इनमें देवरिया के तत्कालीन तहसीलदार एवं वर्तमान गोरखपुर तहसीलदार चंद्रशेखर वर्मा, तत्कालीन नायब तहसीलदार देवरिया एवं वर्तमान कुशीनगर गोपाल, जौनपुर के तहसीलदार रविरंजन कश्यप, तत्कालीन जौनपुर तहसीलदार एवं वर्तमान बलरामपुर तहसीलदार राकेश कुमार, तत्कालीन बाराबंकी तहसीलदार एवं वर्तमान गोंडा तहसीलदार कविता ठाकुर, तत्कालीन सुल्तानपुर तहसीलदार एवं वर्तमान फिरोजाबाद तहसीलदार देवानंद तिवारी सहित अन्य अधिकारी शामिल हैं। राजस्व परिषद ने स्पष्ट किया है कि लंबित वादों के निस्तारण में लापरवाही को किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।


मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423





खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट



सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।



पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans



सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476





MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL
URGENTLY REQUIRED
PGT ( ENGLISH )
TGT (ALL SUBJECTS)
PRT (ALL SUBJECTS)
P.T.I. (B.P.ED/M.P.ED.)
KINDERGARTEN
Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred
Transport Facilities available for Bijnor Staff
Email : extrakotwali@gmail.com Send Resume on the Given Number 9412201377
NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR





Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor



Kajaria
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom



DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
TILE O GRIP
SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर